https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD

FIRST INDIA

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित

Scan to Subscribe

वर्ष: 4 | अंक: 195 | जयपुर, बुधवार, 25 जून, 2025 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष-अमावस्या, विसं 2082 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 3.00

## जरूरी खबर

### पीएफ अकाउंट से 72 घंटे में निकाल सकेंगे ₹5 लाख



**नई दिल्ली।** अब कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) खाताधारक इमरजेंसी में 72 घंटे के भीतर 5 लाख तक निकाल सकेंगे। पहले यह सीमा 1 लाख थी। केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने 24 जून को यह घोषणा की। EPFO की 113वीं कार्यकारी समिति बैठक में यह प्रस्ताव पारित हुआ था। ऑटो सेटलमेंट प्रणाली के तहत, KYC पूरा होने पर क्लेम बिना किसी अफसर की दखल के स्वतः प्रोसेस हो जाएगा। मेडिकल, शिक्षा, शादी और मकान जैसे विशेष क्लेम को लेकर यह सुविधा लागू की गई है, जिससे पीएफ निकासी अब और आसान और तेज हो गई है।

### उदयपुर में फ्रांसीसी पर्यटक से दुष्कर्म, आरोपी फरार

**उदयपुर।** उदयपुर में एक फ्रांसीसी महिला पर्यटक से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, महिला की मुलाकात एक पार्टी में आरोपी सिद्धार्थ से हुई, जिसने उसे घुमाने के बहाने सुखेर स्थित किराए के अपार्टमेंट में ले जाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता की हालत स्थिर है और उसका इलाज निजी अस्पताल में जारी है। वारदात के बाद महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जांच में सामने आया है कि आरोपी ने होटल लौटने की पीड़िता की अपील को अनसुना कर जबरदस्ती की। आरोपी फरार है।

पेज 4 भी देखें

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 95711 98777
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## प्रदेश में मूसलाधार बारिश का कहर

# बारां में गांव बने टापू

## कलेक्टर-एसपी उतरे फील्ड में

### जयपुर में 24 घंटे में 5 इंच बारिश से कॉलोनियों में भरा पानी

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में मानसून ने रफ्तार पकड़ते हुए कई जिलों में भारी तबाही मचाई है। बारां जिले में हालात सबसे गंभीर बने हुए हैं, जहां लगातार हो रही बारिश के चलते बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। जिले की पार्वती, परवन, काली सिंध, बरनी, कूनो और पलकों नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है, जिससे कई गांव टापू में तब्दील हो गए हैं। संपर्क मार्ग कटने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है।

मंगलवार को बारां जिले के भंवरगढ़, किशनगंज और केलवाड़ा क्षेत्र का जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर और पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी ने दौरा कर हालात का जायजा लिया। बरनी नदी पर बना पुल बहने से नाहरगढ़-भंवरगढ़ मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। प्रशासन ने लोगों से जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है।



@ बारां

### कोटा बैराज के दो गेट खोलकर छोड़ा 6000 क्यूसेक से अधिक पानी

कोटा बैराज से लगातार तीसरे दिन दो गेट खोलकर 6000 क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया है। भीलवाड़ा और बांसवाड़ा में भी नदी-नाले उफान पर हैं। मौसम विभाग ने बुधवार को प्रदेश के 25 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। 1 जून से अब तक राज्य में सामान्य से 133 फीसदी अधिक बारिश हो चुकी है।

मांगरोल में 180, शाहाबाद में 170, किशनगंज में 110 और बारां में 90 एमएम बारिश दर्ज की गई है। बारिश का असर जयपुर, कोटा, सीकर, भीलवाड़ा और बांसवाड़ा जैसे शहरों में भी देखने को मिला। जयपुर में सोमवार शाम से मंगलवार शाम तक कुल 124.2 एमएम (5 इंच) बारिश रिकॉर्ड की गई। तेज बारिश के कारण निचले इलाकों में जलभराव हो गया, जिससे यातायात प्रभावित और लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। कई कॉलोनियों में घरों में पानी घुस गया। पेज 3 भी देखें

### बीसलपुर बांध में बढ़ा जलस्तर



बीसलपुर बांध में भी पानी की आवक तेज हो गई है। बांध का जलस्तर मंगलवार को 8 सेंटीमीटर बढ़कर 312.55 आरएल मीटर पहुंच गया है। इस मानसून में पहली बार 22 जून को त्रिवेणी बहाव क्षेत्र में पानी की आवक हुई, जो बीते 11 वर्षों में केवल तीन बार जून में देखने को मिली है। त्रिवेणी इस बांध का मुख्य जल स्रोत है, जहां से पानी करीब 100 किलोमीटर की दूरी तय कर बांध में पहुंचता है। इसके अतिरिक्त माही बजाज सागर, पार्वती और राणा प्रताप सागर जैसे प्रमुख बांधों में भी जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गई है। विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं।

## सीएम भजनलाल की हरियाणा सीएम से वार्ता

## भिवाड़ी जल निकासी का समाधान तय

# यमुना जल परियोजना पर तेजी से बढ़े कदम

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के बीच मंगलवार को फोन पर हुई वार्ता में भिवाड़ी क्षेत्र में जल निकासी की जटिल समस्या के स्थायी समाधान और यमुना जल लाने की महत्वाकांक्षी योजना की प्रगति पर गहन चर्चा हुई। दोनों मुख्यमंत्रियों ने भिवाड़ी में वर्षा जल के प्राकृतिक बहाव और औद्योगिक अपशिष्ट जल के प्रबंधन को लेकर सहमति जताई, जिससे क्षेत्र में हर वर्ष बारिश के समय उत्पन्न होने वाली जल भराव की स्थिति से निजात मिल सके।

मुख्यमंत्री भजनलाल ने बताया कि भिवाड़ी की भौगोलिक स्थिति के कारण वर्षा जल का प्रवाह हरियाणा की ओर होता है, जिससे मानसून में जल निकासी की समस्या गंभीर हो जाती है। इसी को लेकर दोनों राज्यों के बीच सहमति बनी है कि इस दिशा में निर्विवाद समाधान के लिए संयुक्त प्रयास किए जाएंगे।

### राजस्थान-हरियाणा की संयुक्त पहल से सुलझेगी भिवाड़ी की जल निकासी व जल आपूर्ति की समस्या



फाइल फोटो

### अपशिष्ट के शोधन की व्यवस्था लागू

राजस्थान सरकार ने भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र के अपशिष्ट जल के पूर्ण शोधन की व्यवस्था लागू कर दी है और इसकी पालना की जा रही है। इसके अतिरिक्त, बीडा (भिवाड़ी इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट अथॉरिटी) द्वारा डीपीआर तैयार की जा रही है ताकि शोधित जल का सही उपयोग किया जा सके। औद्योगिक अपशिष्ट जल और वर्षा जल के आपसी मिश्रण को रोकने के लिए जल संसाधन विभाग और बीडा मिलकर संयुक्त अध्ययन कर रहे हैं। जल संग्रहण की दिशा में भी पहल करते हुए जल संसाधन विभाग ने ऐसे 5 बांधों की पहचान की है जिनमें जलग्रहण क्षेत्र नहीं है, लेकिन उन्हें जल भंडारण के लिए प्रयोग में लाया जा सकता है। इन बांधों की कुल संग्रहण क्षमता लगभग 250 एमसीएफटी होगी।

### अलाइनमेंट सर्वे इस माह से

दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच बातचीत के दौरान यमुना जल योजना को लेकर भी सकारात्मक प्रगति दर्ज की गई। हथनीकुंड बैराज से राजस्थान को यमुना जल उपलब्ध कराने की योजना के तहत दोनों राज्यों द्वारा इस माह पाइपलाइन के लिए वास्तविक जमीनी अलाइनमेंट सर्वे शुरू किया जाएगा। साथ ही, संयुक्त डीपीआर तैयार करने के लिए कंसल्टेंट के चयन की प्रक्रिया तेज की गई है और इस माह के अंत तक कार्यादेश जारी किए जाने की संभावना है। मुख्यमंत्री भजनलाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आगामी छह माह में डीपीआर तैयार कर ठोस कार्य योजना बनाई जाए।

## ईरान-इजराइल युद्ध में फिर भड़की हिंसा

# सीजफायर के ढाई घंटे बाद ईरान का मिसाइल हमला

**एजेंसी** | तेहरान/तेल अवीव

ईरान-इजराइल युद्ध के 12वें दिन संघर्ष विराम की उम्मीद उस वक्त चकनाचूर हो गई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा घोषित सीजफायर के महज ढाई घंटे बाद ही ईरान ने इजराइल पर 6 बैलिस्टिक मिसाइलें दाग दीं। इनमें से एक मिसाइल बीर्शेबा शहर में एक इमारत पर गिरी, जिसमें 5 लोगों की मौत और 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। हमले के बाद इजराइल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए तेहरान में एक रडार साइट पर हमला किया। इजराइली आर्मी रेडियो ने इस हमले की पुष्टि की है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू को फोन कर ईरान पर हमला रोकने की अपील की, लेकिन नेतन्याहू ने इसे ठुकरा दिया।



*इजराइली शहर बीर्शेबा में ईरान की मिसाइल से क्षतिग्रस्त गाड़ियां।*

### ईरान के एक और परमाणु वैज्ञानिक की मौत

इस दौरान एक बड़ी घटना सामने आई है। इजराइली हमले में ईरान के एक हाई प्रोफाइल परमाणु वैज्ञानिक मोहम्मद रजा सेदिघी सबर की मौत हो गई है। सरकारी टीवी के मुताबिक, वे उत्तरी ईरान में अपने ससुराल में थे जब उनके घर पर तीन प्रोजेक्टाइल गिरे। इससे पहले 13 जून को इजराइली हमले में उनके 17 वर्षीय बेटे की भी जान गई थी। मोहम्मद रजा पर अमेरिका पहले ही प्रतिबंध लगा चुका था। वह ईरान के रक्षा अनुसंधान संगठन से जुड़े थे और परमाणु हथियार विकास में अहम भूमिका निभा रहे थे।

S.S. Jain Subodh P.G. College
( AUTONOMOUS)
Under the Aegis of S.S. Jain Subodh Shiksha Samiti
A++ NAAC 4th Cycle with 3.60 CGPA
(Affiliated to University of Rajasthan, Jaipur & Rajasthan Technical University,Kota)
Rambagh Circle, Jaipur
nirf 1st RANK College in Rajasthan
TOP 81st Ranked College in India
ADMISSION OPEN 2025-26



Under Graduate Programme
B.A.
Economics, English, Geography, Hindi, History, Indian Music, Mathematics, Philosophy, Physical Education, Political Science, Psychology, Public Administration, Sanskrit, Sociology and Statistics
B.Com.
ABST, Business Administration and EAFM
B.Sc.
Biotechnology, Botany, Chemistry, Computer Science, Economics, Geography, Mathematics, Microbiology, Physics, Psychology, Statistics and Zoology
B.A. (Specialization)
English, Geography, History and Political Science
B.Com. (Specialization)
ABST, Business Administration and EAFM
B.Sc. (Specialization)
Botany, Chemistry, Mathematics, Physics and Zoology
B.B.A.
(HR/Finance/Marketing)
Post Graduate Programme
M.A.
Economics, English, Geography, Hindi, History, Journalism and Mass Communication, Mathematics, Political Science, Psychology, Public Administration, Sociology and Yoga
M.Com.
ABST, Business Administration and EAFM
M.Sc.
Biotechnology, Botany, Chemistry, Environmental Science, Forensic Science, Geography, Mathematics, Microbiology, Physics, Psychology, Statistics and Zoology
MSW
Professional Computer Science Programme
• B.C.A. • M.C.A. • M.Sc. IT • PGDCA
• M.Sc. Artificial Intelligence & Data Science
• M.Sc. Cyber Security
PG DIPLOMA (Duration 01 year) :
• Disaster Management
• Environmental Audit, ISO and Sustaniable Development
• Industrial Safety, Health and Enviornmental Management
• International Business
• Jain Studies
• Water Harvesting and Management System
• Yoga & Siddha
DIPLOMA PROGRAMME (Dur. 06 months) :
• Digital Marketing
• Mobile App. Development
• Photography and Audio-Visual Production
Ph.D. PROGRAMME
Computer Science, Chemistry, Physics, Botany, Zoology, Mathematics, Business Admin. and EAFM
S.S. JAIN SUBODH PHARMACY COLLEGE
Approved by PCI, New Delhi & Affiliated to RUHS*, Jaipur
D.Pharm
Contact No. 8105066501
FREE Pratiyogita Siddhi Classes for Competitive Exams
Bank | SSC | UPSC | RAS | NET | More
All SC/ST/OBC/MBC/EBC Govt. Scholarship's Available
*Subject to approval
OUR RECRUITERS
ADMISSION COUNSELLERS
B.Com/M.Com : 9314503592, B.A./M.A. : 9352585950, B.Sc./M.Sc. : 7568222554
BCA/MCA/PGDCA : 9414273747 BBA : 9351713508
Admission Forms also available
In the college campus from 10am to 4pm for any enquiry & online Admission
Visit: www.subodhpgcollege.com
Enquiry Numbers: 2565989, 2569850, 2574780
Online Admission Form Available
S.S. Bothra
Hony. Secretary
Vinay Chand Daga
Convener
Prof.(Dr.) Renu Joshi
Principal

## श्री नारायण गुरु ने 'एक जाति, एक धर्म, एक ईश्वर' का दिया मंत्र

# 'ऑपरेशन सिंदूर' ने आतंक के खिलाफ भारत की दृढ़ नीति को दिखाया: मोदी

**बेधड़क** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के सख्त रुख को वैश्विक मंच पर स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में बने हथियारों ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष में प्रभावशाली प्रदर्शन किया और आतंकियों के लिए कोई भी ठिकाना अब सुरक्षित नहीं है। नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक संवाद की शताब्दी पर आयोजित कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि उनकी सरकार राष्ट्रीय हित में आवश्यक हर कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। पहलगाम में नागरिकों की हत्या के बाद भारतीय सेना द्वारा किए गए सटीक हमलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 22 मिनट में भारतीय हथियारों ने दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अब रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है और भविष्य में भारत में निर्मित हथियारों को वैश्विक मान्यता प्राप्त होगी।



नई दिल्ली। पीएम मोदी विज्ञान भवन में श्री नारायण गुरुदेव और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक संवाद के शताब्दी समारोह में भाग लेते हुए।

### बीते 11 सालों में देश को सशक्त बनाने का किया काम

नारायण गुरु की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए मोदी कहा कि 'एक जाति, एक धर्म, एक ईश्वर' का मंत्र उनकी सरकार की कई वैश्विक पहलों जैसे 'एक विश्व, एक स्वास्थ्य', 'एक सूर्य, एक पृथ्वी, एक ग्रिड' और योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' का आधार बना है। नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच 1925 में शिवगिरी मठ में हुआ संवाद सामाजिक सुधार को नई दिशा देने वाला क्षण था। पीएम ने कहा कि बीते 11 वर्षों में सरकार ने सामाजिक, आर्थिक और रक्षा क्षेत्र में भारत को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य किया है।

## जरूरी खबर

### गौवंश संरक्षण समाज की भी जिम्मेदारी: जोराराम



**बेधड़क, जयपुर।** पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने मंगलवार को कहा कि गौवंश संरक्षण केवल सरकार ही नहीं, बल्कि समाज की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। जयपुर स्थित पशुपालन निदेशालय में मंत्री ने मीडिया को बताया कि प्रदेश की गौशालाओं में फिलहाल करीब 14 लाख गौवंश रह रहे हैं, जिनके संरक्षण व सेवा के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि गौशालाओं को वर्तमान में 50 रुपए प्रतिदिन प्रति गौवंश अनुदान दिया जा रहा है, जिसे बढ़ाने की योजना है।

### पीसीसी के सीए प्रकोष्ठ में नई नियुक्तियां

**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सीए प्रकोष्ठ में पांच जिलों में जिला अध्यक्ष और पांच नए राज्य सचिव नियुक्त किए हैं। नियुक्ति आदेश सीए सेल के प्रदेश अध्यक्ष सीए नितिन व्यास ने जारी किए। इसमें बीकानेर-रूरल में सीए श्याम सुंदर मुंधड़ा, बूंदी में सीए अंकित जैन, झुंझुनूं में सीए विकसित तोलासरिया, कोटपूली-बहरोड़ में सीए सुरेंद्र यादव और नागौर में सीए विकास शाह को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, पांच चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को राज्य सचिव बनाया गया है, जिसमें चिड़ावा-झुंझुनूं से सीए बजरंग लाल पूनियां, सीकर से सीए राहुल मोर, मालपुरा-टोंक से सीए आशीष कुमार जैन, नोखा-बीकानेर से सीए पंकज के. चांडक और नागौर से सीए अंकित पारीक हैं।

### उर्वरक, बीज और कीटनाशी पर सख्त कानून की मांग



**बेधड़क, जयपुर।** राज्य सरकार ने अमानक कृषि आदानों के खिलाफ कदम उठाते हुए केंद्र से सख्त कानून बनाने की मांग की है। केबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर कहा कि अमानक उर्वरक, बीज व कीटनाशियों के कारण न केवल किसानों की आय प्रभावित हो रही है, बल्कि उनकी जमीन भी बंजर हो रही है। हाल ही में अजमेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और जयपुर में उर्वरक, बीज व कीटनाशी इकाइयों पर की गई जांच में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आईं। इस दौरान 28 एफआईआर दर्ज हुईं और 189 उर्वरक नमूने लिए गए, जिनमें से 56 अमानक पाए गए।

---

**राजस्थान को पहली बार मिली 5वें 'खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2025' की मेजबानी**

# बारह दिन में देशभर के छह हजार खिलाड़ी खेलेंगे 25 गेम्स

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान यूनिवर्सिटी में नवंबर में 12 दिन तक पूरे देश के लगभग छह हजार खिलाड़ी विभिन्न खेलों में भाग लेंगे। ऐसे में राजस्थान के लिए खेल क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि जुड़ जाएगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों से यह पहली बार होगा जब प्रदेश खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2025 के 5वें संस्करण की मेजबानी करेगा। इस संबंध में प्रदेश के खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने मंगलवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में मीडिया को जानकारी दी। इस दौरान युवा मामले व खेल विभाग के शासन सचिव डॉ. नीरज कुमार पवन और राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव राजेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। राठौड़ ने बताया कि यह प्रतियोगिता आने वाले नवंबर माह में आयोजित होगी, जो 12 दिन तक चलेगी। इस आयोजन में देशभर की यूनिवर्सिटियों से लगभग 6000 खिलाड़ी 25 विभिन्न खेलों में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से न केवल प्रदेश में खेलों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि युवाओं के बीच खेल संस्कृति भी विकसित होगी। खेल मंत्री ने बताया कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के जरिए राजस्थान में पहली बार इतने बड़े स्तर पर मल्टी स्पोर्ट्स इवेंट का आयोजन हो रहा है। इससे प्रदेश में स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण भी सुनिश्चित होगा।

### स्पोर्ट्स हब के रूप में उभरेगा राजस्थान: राठौड़



फोटो-राजेश कुमावत

*खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित क्रिकेट अकादमी में पत्रकारों को जानकारी देते हुए। साथ में हैं क्रीड़ा परिषद अध्यक्ष डॉ. नीरज के पवन और सेक्रेटरी राजेंद्र सिंह सिसोदिया।*

### जयपुर के 6 स्थानों पर होंगी प्रतियोगिताएं

खेलो इंडिया गेम्स का आयोजन राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के नेतृत्व में राजस्थान विश्वविद्यालय और पूर्णिमा विश्वविद्यालय की सह मेजबानी में किया जाएगा। आयोजन के लिए सवाई मानसिंह स्टेडियम, विद्याधर नगर स्टेडियम, जगतपुरा शूटिंग रेंज, राजस्थान पुलिस अकादमी सहित कुल छह स्थान पर प्रस्तावित हैं।

### प्रतियोगिता में खेले जाएंगे ये खेल

खेल मंत्री ने बताया कि इस प्रतियोगिता में आर्चरी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, फेंसिंग, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, स्विमिंग, टेबल टेनिस, टेनिस, वॉलीबॉल, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, रग्बी, योगासना, मल्लखंभ, शूटिंग, साइक्लिंग, हैंडबॉल, शतरंज, स्क्वैश, वुशू जैसे 25 खेलों का आयोजन होगा।

### खिलाड़ियों के लिए उत्कृष्ट सुविधाएं

राठौड़ ने कहा कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को रहने, खाने और प्रतियोगिता से संबंधित सभी आवश्यक सुविधाएं उच्च गुणवत्ता की उपलब्ध करवाई जाएंगी। आयोजन को राष्ट्रमंडल खेलों की तर्ज पर किया जाएगा, जिससे खिलाड़ियों को वैश्विक स्तर की सुविधाएं मिलेंगी।

### टैलेंट हंट और टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना की होगी शुरुआत

राज्य सरकार टैलेंट हंट योजना से छिपी हुई खेल प्रतिभाओं की खोज करेगी। इसके अलावा, केंद्र सरकार की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना की तर्ज पर प्रदेश में भी योजना शुरू की जाएगी, जिसके अंतर्गत चयनित खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे।

---

**'नहीं मिट रही हार की टीस'...**

# कांग्रेस में गद्दार पैदा हो गए इसीलिए हार गए: जाटव

■ **कांग्रेस नेताओं के विवादित बयान सोशल मीडिया पर वायरल**

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान में विधानसभा और लोकसभा चुनावों में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस के भीतर खींचतान जारी है। हार की टीस अब नेताओं के विवादित बयानों के रूप में सामने आ रही है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं।

कहीं नेताओं पर गद्दारी के आरोप लग रहे हैं तो कहीं संगठन की कार्यशैली पर सवाल उठाए जा रहे हैं। कोटा से लेकर भरतपुर तक पार्टी में आंतरिक कलह खुलकर सामने आने लगी है। ऐसा ही एक वीडियो सामने आया है, जिसमें करौली-धौलपुर से कांग्रेस सांसद भजनलाल जाटव ने एक बार फिर अपने बयान से विवाद खड़ा कर दिया है। हाल ही में एक कार्यक्रम में जनता को संबोधित करते हुए जाटव ने अपनी ही पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में गद्दार पैदा हो गए थे। इसके साथ ही उन्होंने अपनी पार्टी के कार्यकर्ता पर तंज कसते हुए कहा कि जो चाय नहीं पिला सकता, वह हेलीकॉप्टर उतार रहा है। जाटव वीडियो में कह रहे हैं कि कुछ गद्दार पैदा हो गए, जिन्होंने नारे तो कांग्रेस के लगाए, लेकिन वोट भाजपा को दिलवाए। इन्होंने पीठ में छुरा घोंपा। यही नहीं, जहां सभा कर रहे थे वहां के लिए कह रहे हैं कि एक गद्दार तो आपके यहां ही पैदा हो गया, जिसने कांग्रेस शासनकाल में खूब ट्रांसफर-पोस्टिंग करवाई, लेकिन उसने भाजपा से 50 लाख रुपए ले लिए। उसके घर में गाड़ी आ गई, मकान बन गए। मुझे सब पता है कहां से बन गए, कहां से यह पैसा आया।



### जिलाध्यक्ष रविंद्र त्यागी का बयान वायरल, धारीवाल पर लगाए आरोप

कोटा शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रविंद्र त्यागी का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कोटा उत्तर से विधायक शांति धारीवाल पर लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया है। इस बयान से कोटा कांग्रेस में हड़कंप मच गया है और सियासी गलियारों में नई हलचल शुरू हो गई है। वायरल वीडियो में त्यागी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कोटा-बूंदी लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल की हार का जिम्मेदार धारीवाल को ठहराते हैं। त्यागी का कहना है कि चुनाव में कांग्रेस नेताओं पर कई तरह के दबाव थे और कई नेता बिक गए थे, जिसके चलते पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। वीडियो में प्रहलाद गुंजल भी साथ दिखाई दे रहे हैं, जिससे इस बयान को और ज्यादा गंभीरता से लिया जा रहा है। हालांकि, त्यागी ने सफाई देते हुए कहा कि यह वीडियो पुराना है और किसी गलत मंशा से वायरल किया गया है।

---

**विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित**

## अच्छे कामों को कागजों में नहीं, जनता तक भी पहुंचाना चाहिए: दीया

**बेधड़क | जयपुर**



'बालक-बालिकाएं मुस्कुराएं, हर नारी सशक्त बन जाए-चलो नया राजस्थान बनाएं'! अभियान के तहत उपमुख्यमंत्री व महिला एवं बाल विकास मंत्री दीया कुमारी की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग की प्रमुख योजनाओं, बजट घोषणाओं और विकास कार्यक्रमों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। दीया कुमारी ने कहा कि अच्छे कामों को सिर्फ कागजों में नहीं, जनता तक भी पहुंचाना चाहिए। उन्होंने विभागीय कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार के लिए मीडिया और सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग के निर्देश दिए।

### योजनाओं को मिलेगी नई रफ्तार

बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में 10 प्रतिशत वृद्धि करने और भवनों की मरम्मत के लिए 50 करोड़ रुपए खर्च करने पर सहमति बनी। समग्र शिक्षा अभियान के सहयोग से 3688 भवनों की शीघ्र मरम्मत के निर्देश भी दिए गए। साथ ही 'अमृत आहार योजना' के अंतर्गत अब बच्चों को सप्ताह में पांच दिन मिलने वाले दूध की मात्रा बढ़ाई जाएगी। न्यूट्री किट योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में राज्य के उत्कृष्ट प्रदर्शन की भी समीक्षा की गई। बैठक में पोषण ट्रैकर, आदर्श आंगनबाड़ी, सखी केंद्र, उड़ान योजना, नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, कौशल सामर्थ्य योजना और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की भी समीक्षा कर समयबद्ध क्रियान्वयन पर बल दिया गया।

## दो RAS अधिकारी एपीओ

**बेधड़क | जयपुर**

राज्य सरकार ने मंगलवार को राजस्थान प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों बारां के मांगरोल उपखण्ड अधिकारी अंजना सहरावत और कोटा के रामगंज मंडी उपखण्ड अधिकारी नीता वसीटा को एपीओ कर दिया। आदेश में प्रशासनिक कारणों से पदस्थापन की प्रतीक्षा में करना बताया गया है, जबकि जानकारी के अनुसार उनको सांसद दुष्यंत सिंह की शिकायत के बाद एपीओ किया गया है।

---

**डोटासरा के नाम दर्ज होगी नई उपलब्धि...**

## पौने दो साल बाद जुलाई में शुरू होगा कांग्रेस के नए भवन का निर्माण कार्य

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान कांग्रेस के नए बहुमंजिला मुख्यालय का निर्माण कार्य आखिरकार जुलाई के पहले सप्ताह में शुरू होने जा रहा है। करीब पौने दो साल पहले हुए शिलान्यास के बाद अब निर्माण कार्य को लेकर तेजी आई है। मानसरोवर के शिप्रा पथ पर 5600 वर्ग मीटर जमीन पर बनने वाला यह चार मंजिला भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बताया कि एक-दो दिन में बैठक कर निर्माण फर्म के टेंडर और निर्माण शुरू करने की तिथि सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। इसके बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की स्वीकृति के बाद निर्माण की तारीख की घोषणा की जाएगी। फिलहाल इसके लिए 3 जुलाई का समय प्रस्तावित है। 23 सितंबर, 2023 को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इस भवन का शिलान्यास किया था। हाल ही में डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने दिल्ली में पार्टी नेताओं से मुलाकात कर भवन निर्माण की प्रगति पर चर्चा की थी। एआईसीसी की देखरेख में निर्माण के लिए अलग से बैंक खाते खोले गए हैं, जिनमें सहयोग राशि एकत्रित की जा रही है।



### 80 करोड़ रुपए आएगी लागत

नए भवन की अनुमानित लागत 80 करोड़ रुपए से अधिक है। इसमें अंडरग्राउंड पार्किंग, कैंटीन, कॉन्फ्रेंस हॉल, जिम, स्विमिंग पूल और नेताओं के लिए आधुनिक सुविधाओं वाले कमरे होंगे। महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल और अन्य प्रकोष्ठों के लिए अलग-अलग दफ्तर भी बनाए जाएंगे। चांदपोल स्थित पुराना कांग्रेस भवन अब छोटा पड़ रहा है और पार्किंग की समस्या से जूझ रहा है। यदि यह भवन समय पर बन जाता है तो डोटासरा के नाम एक और उपलब्धि जुड़ेगी।

---

**सीएस ने ली अधिकारियों की बैठक**

## जोधपुर में होगा राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह



**बेधड़क | जयपुर**

इस साल राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन जोधपुर में किया जाएगा। इसे लेकर शासन सचिवालय में मंगलवार को मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित हुई। पंत ने समारोह को भव्य, ऐतिहासिक और जनसहभागिता से परिपूर्ण बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह जोधपुरवासियों और प्रशासन के लिए गौरव का विषय है कि इतने वर्षों बाद यह आयोजन फिर से जोधपुर में हो रहा है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ तैयारियां पूरी करने को कहा। समारोह में मार्च पास्ट, पुलिस बैंड की प्रस्तुति, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रोशनी, आतिशबाजी और सड़कों की मरम्मत जैसे कार्यों को शामिल कर आयोजन को भव्य स्वरूप देने की बात कही। पंत ने जोधपुर संभागीय आयुक्त, आईजी और कलेक्टर से समारोह स्थल, सुरक्षा, पेयजल, पार्किंग, परेड व्यवस्था और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की विस्तृत जानकारी ली।

---

**बेधड़क TOON**




---

**आपातकाल की 50वीं बरसी आज, भाजपा मनाएगी 'काला दिवस'**

# अल्बर्ट हॉल में लगेगी 'संविधान हत्या दिवस' प्रदर्शनी

**बेधड़क | जयपुर**

भाजपा बुधवार को आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ को 'काला दिवस' के रूप में मनाएगी। इस अवसर पर जयपुर में अल्बर्ट हॉल में सुबह 10:30 बजे 'संविधान हत्या दिवस' प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

प्रदर्शनी का उद्घाटन राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी करेंगे। प्रदर्शनी का उद्देश्य 1975 के आपातकाल की विभीषिका को जन-जन तक पहुंचाना है। यह प्रदर्शनी केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय और राज्य सरकार के कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित की जा रही है। भाजपा कार्यकर्ता इस अवसर पर आपातकाल के दौरान भारतीय जनसंघ और आरएसएस के संघर्ष और बलिदान की गाथा को भी जनता के सामने लाएंगे।




### भाजपा का चलेगा जागरूकता अभियान, दिखाएंगे फिल्म

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के अनुसार 25 जून, 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ओर से लागू किया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय था। इंदिरा गांधी ने 1971 के चुनाव में सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग और धांधली की। इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले ने उन्हें दोषी ठहराया और उनका चुनाव रद्द किया। सत्ता बचाने के लिए उन्होंने आपातकाल थोप दिया, जिससे लोकतंत्र की हत्या हुई। आपातकाल के दौरान विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया गया, प्रेस की स्वतंत्रता छीन ली गई और नागरिक अधिकारों का हनन हुआ। भाजपा का उद्देश्य नई पीढ़ी को इस काले दौर की सच्चाई से अवगत कराना है। इसके लिए प्रदेशभर में बूथ, मंडल, जिला और राज्य स्तर पर कार्यक्रम होंगे। इस दौरान धरना, संगोष्ठी और प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और आपातकाल पर बनी फिल्म दिखाई जाएगी। आपातकाल कांग्रेस की तानाशाही और परिवारवादी सोच का प्रतीक था। भाजपा ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इस 'काले अध्याय' को जनता तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। भाजपा ने आपातकाल की 50वीं बरसी को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का ऐलान किया है। पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने इसे लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताया है।




---

**चल-अचल संपत्तियां होंगी कुर्क**

## मेघराज सिंह से अब होगी 49.08 करोड़ की वसूली

**बेधड़क | जयपुर**



बजरी खनन में लंबे समय से सक्रिय मेघराज सिंह शेखावत अब बड़ी कानूनी कार्रवाई की जद में आ गए हैं। डेगाना और रियांबड़ी क्षेत्र के राजस्व गांवों में बजरी खनिज लीज पर अवैध खनन और परिवहन के चलते 49 करोड़ 8 लाख 94 हजार 198 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना मई माह में गोटन के सहायक खनिज अभियंता (एएमई) राकेश शेषमा ने लीज संख्या 03/2013 पर लगाया था। निर्धारित समयावधि में शेखावत के यह जुर्माना राशि जमा नहीं कराए जाने के कारण अब राजस्थान लेंड रेवन्यू एक्ट, 1956 के तहत वसूली की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एएमई गोटन ने जयपुर स्थित एमई (रिकवरी) को पत्र लिखकर कार्रवाई का आग्रह किया है, जिसके तहत अब शेखावत की चल-अचल संपत्तियों की कुर्की की जाएगी। मेघराज को बजरी किंग के नाम से जाना जाता है।

## मानसूनः मंगलवार सुबह 8 से शाम 5 बजे तक 77.8 मिमी बरसात, बहा सिस्टम

# 10 घंटे की बारिश ने तोड़ा 10 साल का रिकॉर्ड

*बेधड़क.जयपुर। जयपुर में बारिश ने प्रशासन की तैयारियों की पोल खोल दी। मंगलवार सुबह 8 से शाम 5 बजे तक 77.8 मिमी बारिश दर्ज की गई। यह पिछले 10 साल में जून माह में एक दिन की सर्वाधिक बारिश का रिकॉर्ड है। साल 2015 से 2024 तक जून में एक दिन में सबसे ज्यादा बारिश 21 जून 2022 को 47.3 एमएम हुई थी। मंगलवार शाम को समाप्त हुए 24 घंटों में जयपुर शहर में कुल 124.2 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। मंगलवार दिन में हुई मूसलाधार बारिश ने राजधानी का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। जलभराव, ट्रैफिक जाम और टूटी सड़कों ने आमजन की मुश्किलें बढ़ा दीं।*



**जयपुर।** जगतपुरा रेलवे पुल के नीचे भरा बरसात का पानी।

फोटोः राजेश कुमावत. पंकज शर्मा

### सड़कें बनी तालाब ट्रैफिक हुआ जाम

जयपुर के कई इलाकों में तेज बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। बारिश से सांगानेर, प्रतापनगर, जगतपुरा सहित कई इलाकों में जलभराव हो गया। चक गेटोर क्षेत्र में नाला उफन पड़ा, जिससे द्वारिका पुरी, नंदपुरी और मोती विहार कॉलोनियों में पानी भर गया। टोंक रोड पर महाराजा कॉलेज से लेकर मुख्य सचिव बंगले तक सड़कें पानी से लबालब हो गईं और लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। एमआई रोड, आदर्श नगर, खासा कोठी, कंवर नगर, चांदी की टकसाल, सुभाष चौक, घाट की गूणी, डीसीएम, अजमेर रोड और कालवाड़ रोड सहित कई इलाकों में गाड़ियां पानी में फंस गईं। चांदी की टकसाल और सुभाष चौक में आधे घंटे की बारिश ने तालाब जैसा मंजर बना दिया।


**जयपुर।** जगतपुरा पुलिया से कैमरे में कैद किया गया जलभराव का नजारा।

### मंडी में जलभराव से व्यापार चौपट, सब्जियां खराब

मुहाना मंडी में बारिश ने हालात बद से बदतर कर दिए। मंडी की दुकानों में पानी घुस गया। इससे सब्जियां और अन्य सामान खराब हो गया। व्यापारियों का कहना है कि नालों की सफाई नहीं होने के कारण जल निकासी की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। थोड़ी देर की बारिश में ही मंडी जलमंडी बन जाती है, जिससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ खरीदारों को भी परेशानी हो रही है। मंडी में गाड़ियों के पहिए पानी में डूब गए, जिससे आवागमन भी प्रभावित हुआ।

### बदबू बर्दाश्त नहीं कर पाईं आयुक्त

नगर निगम हेरिटेज जयपुर की आयुक्त डॉ. निधि पटेल मंगलवार को शहर के हालात का निरीक्षण करने निकलीं तो गलियों में फैली गंदगी और बदबू से खुद को भी नहीं बचा सकीं। हालात इतने खराब थे कि आयुक्त को नाक बंद कर चलना पड़ा। डॉ. पटेल ने गलियों में फैले कचरे, नालियों की सफाई नहीं होने और दुर्गंध को लेकर मौके पर मौजूद अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि यदि आमजन को ऐसी स्थिति में रहना पड़ रहा है, तो जिम्मेदारों को जवाबदेह बनाना ही होगा। आयुक्त ने तत्काल सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए और चेताया कि लापरवाही पर जिम्मेदारों पर एक्शन लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोग भी गंदगी की शिकायतें लेकर पहुंचे और सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई। आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने जवाहर नगर कच्ची बस्ती, ट्रांसपोर्ट नगर, जल महल, रामगढ़ मोड़ और दिल्ली रोड सहित कई इलाकों में सफाई व्यवस्था और जल निकासी को लेकर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं, ग्रेटर निगम के आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने सांगानेर, सांगानेर स्टेडियम, मानसरोवर जोन क्षेत्र की सफाई व्यवस्था, पार्कों की स्थिति, बाढ़ नियंत्रण कक्ष आदि का निरीक्षण कर अधिकारियों को जलभराव की शिकायत पर तुरंत एक्शन लेते हुए समस्या को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।




सांगानेर स्टेडियम का निरीक्षण करते ग्रेटर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी।

**संशोधित कार्यक्रम के अनुसार ही होगी परीक्षा**

## SC से लाखों अभ्यर्थियों को राहत... RPSC के निर्णय पर जताई सहमति

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान स्कूल व्याख्याता भर्ती परीक्षा 2024 को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) को बड़ी राहत दी है। वहीं, परीक्षा की तारीख आगे करने की मांग कर रहे अभ्यर्थियों के लिए झटका है। कोर्ट ने यूजीसी-नेट परीक्षा के साथ तिथि टकराव के आधार पर दायर याचिका को खारिज करते हुए आरपीएससी के 23 जून के संशोधित परीक्षा कार्यक्रम को मंजूरी दे दी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि परीक्षा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होगी और इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। यह फैसला लाखों अभ्यर्थियों के लिए राहत लेकर आया है, जो इस भर्ती परीक्षा की तैयारी में जुटे हैं।

मामला सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन और एन. कोटेश्वर सिंह के समक्ष सुनवाई के लिए आया। 17 याचिकाकर्ताओं ने अधिवक्ता अलख आलोक श्रीवास्तव के माध्यम से याचिका दायर की थी, जिसमें मांग की गई थी कि आरपीएससी की परीक्षा (25-29 जून 2025) को यूजीसी-नेट परीक्षा के साथ टकराव के कारण पुनर्निर्धारित किया जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने 23 जून को आरपीएससी से जवाब मांगा था, जिसके बाद आयोग ने तीन विषयों की परीक्षा तिथियों को संशोधित कर प्रेस नोट जारी किया। मंगलवार को हुई सुनवाई में राजस्थान सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा, भारत सरकार की अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अर्चना पाठक डेव और राजस्थान की अतिरिक्त महाधिवक्ता संस्कृति पाठक ने पक्ष रखा। सरकार ने तर्क दिया कि संशोधित कार्यक्रम के बाद अब कोई तिथि का टकराव नहीं है।

## विद्याधर नगर में लेपर्ड का मूवमेंट

बेधड़क | जयपुर

राजधानी जयपुर के विद्याधर नगर क्षेत्र में सेक्टर-8 स्थित ज्ञान ज्योति स्कूल के पीछे एक लेपर्ड का मूवमेंट बना हुआ है। लेपर्ड डी ब्लॉक में असगर अली के मकान की छत पर दिखाई दिया, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद विभाग ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर रेस्क्यू टीम रवाना की। डीसीएफ विजयपाल सिंह के निर्देश पर बीड़ पापड़ और नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क से प्रशिक्षित स्टाफ मौके पर पहुंचा और इलाके में लेपर्ड



की तलाश शुरू कर दी गई। बताया जा रहा है कि यह इलाका बीड़ पापड़ लेपर्ड सफारी के बिल्कुल करीब है, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि लेपर्ड वहीं से भटककर आबादी वाले क्षेत्र में पहुंच गया होगा। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए, जिससे भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी।



## जरूरी खबर

### कोटा विवि के कुलगुरु की मंत्री दिलावर से भेंट



**कोटा।** कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर बीपी सारस्वत ने मंगलवार को कोटा में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के साथ शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रोफेसर सारस्वत ने मंत्री को विश्वविद्यालय में पेयजल समस्या के बारे में अवगत कराया, जिस पर मंत्री दिलावर ने संबंधित अतिरिक्त मुख्य अभियंता से चर्चा कर अतिशीघ्र ही समस्या के समाधान के निर्देश दिए। दिलावर ने प्रोफेसर सारस्वत से कहा कि कोटा विश्वविद्यालय को प्लास्टिक मुक्त बनाया जाए, जिससे पर्यावरण संरक्षित हो सके। इस पर प्रोफेसर सारस्वत ने विश्वविद्यालय के संबंधित अधिकारियों को परिसर में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाए जाने के दिशा निर्देश दिए।

### समिति की बैठक में भाग लेने जोशी दिल्ली रवाना

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी. जोशी संसदीय समिति की बैठक में भाग लेने मंगलवार को नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। सांसद जोशी दिल्ली में सार्वजनिक उपक्रम समिति की बैठक में भाग लेंगे। इसके बाद ऊर्जा समिति के अध्ययन दौरे में भाग लेने के लिए लेह (लद्दाख) जाएंगे।

### ब्यावर विधायक के बेटे समेत 9 लोगों पर एफआईआर



**ब्यावर।** विधायक शंकर सिंह रावत के बेटे बलवीर सिंह समेत 9 लोगों के खिलाफ राजसमंद के भीम थाने में मारपीट और महिलाओं से छेड़छाड़ का मामला दर्ज हुआ है। पीड़ित ने मां के नाम आवंटित जमीन को हड़पने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। भीम पुलिस के अनुसार 21 जून को विधायक का बेटा बलवीर सिंह अपने 20–25 साथियों के साथ पीड़ित के घर पर जबरन घुसा। परिवार के लोगों के साथ गाली–गलौज और मारपीट की। इस दौरान महिलाओं के साथ बदसलूकी और धक्का–मुक्की भी की गई। मामले में बलवीर सिंह के अलावा महिपाल (सरपंच बामनेड़ा), भाजपा पार्षद शिवराज सिंह, राजेश मेवाड़ा, राम सिंह, नरसिंह रावत, करण रावत, वीरेंद्र सिंह और अजय फुलवारिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

## उदयपुर: डॉक्टर रवि शर्मा की मौत पर एक्शन

# RNT कॉलेज के चीफ वार्डन समेत 3 कर्मचारियों को हटाया

**बेधड़क | उदयपुर**

आरएनटी मेडिकल कॉलेज के पीजी हॉस्टल में डॉक्टर रवि शर्मा की मौत के मामले में हॉस्टल के चीफ वार्डन सहित तीन कर्मचारियों को हटाया गया है। तीनों को पद से हटाते हुए प्रशासन भवन में उपस्थिति देने का आदेश दिया है। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. विपिन माथुर ने सोमवार देर रात ये आदेश जारी किया था, जिसमें चीफ वार्डन नरेंद्र बंसल, वार्डन के वरिष्ठ सहायक हीरालाल पालीवाल और वीरेंद्र को पद से हटाया गया है। हालांकि, रेजिडेंट्स की मांग के अनुसार कर्मचारियों पर निलंबन जैसी कार्रवाई नहीं की गई। इधर, डॉ. रवि शर्मा के निधन पर मंगलवार को कॉलेज परिसर में आयोजित शोक सभा में रेजिडेंट शामिल हुए।



*डा. रवि शर्मा को श्रद्धांजलि देते रेजिडेंट।*



### मानवाधिकार आयोग ने मांगा जवाब

मामले में मानवाधिकार आयोग ने आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल, जयपुर एसएमएस कॉलेज के प्रिंसिपल, जिला कलेक्टर नमित मेहता, एसपी योगेश गोयल और राजस्थान मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार को नोटिस दिया है। इन्हें घटना के बारे में तथ्यात्मक रिपोर्ट देने को कहा है।

### डॉक्टर की याद में नुक्कड़ नाटक, बताया घटनाक्रम

कॉलेज परिसर में डॉ. रवि शर्मा की याद में नुक्कड़ नाटक का आयोजन हुआ। नाटक के जरिए पूरे घटनाक्रम को समझाया और उसमें बताया कि डॉक्टर कैसे कूलर के पास गया और उसको करंट लगा। रेजिडेंट यूनियन के ज्वाइंट सेक्रेटरी डॉ. आशीष महंत ने बताया कि मामले को 6 दिन हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन ने अब तक खुद की गलती नहीं मानी है।

### रेजिडेंट और सेवारत चिकित्सकों का विरोध जारी

**जयपुर।** डॉक्टर रवि शर्मा की मौत के बाद से प्रदेश भर के मेडिकल कॉलेजों में रेजिडेंट डॉक्टर्स और प्रदेश के सेवारत चिकित्सकों का विरोध जारी है। ऑल राजस्थान इन-सर्विस डॉक्टर्स एसोसिएशन के बैनर तले मंगलवार को प्रदेश भर में चिकित्सकों ने जिला कलेक्टरों और उपखंड अधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर दोषियों पर कार्रवाई और मृतक के परिवार को मुआवजे की मांग की। जयपुर में भी रेजिडेंट डॉक्टर्स ने चिकित्सा शिक्षा सचिव से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। वहीं, दो घंटे कार्य बहिष्कार किया, जो बुधवार को भी जारी रहेगा।

## बानसूर व बीकानेर में हत्या की दो वारदात


# बदमाशों ने दिनदहाड़े शराब ठेकेदार को मारी गोली, मौत

■ बदमाश ने वीडियो जारी कर मर्डर की जिम्मेदारी ली, बोला- जो हमारे खिलाफ होगा, सबको मारेंगे

**बेधड़क | बानसूर**

कस्बे में मंगलवार को एक शराब ठेकेदार की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाइक पर आए 6 बदमाश ठेकेदार को गोलियों से भूनकर फरार हो गए। लोगों ने घायल हालत में शराब ठेकेदार को हॉस्पिटल पहुंचाया, लेकिन उसकी जान बच नहीं पाई। एक बदमाश ने सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर शराब ठेकेदार को मारने की जिम्मेदारी ली है। उसने कहा- 'बानसूर में आज जो गोलीकांड हुआ है, वह हमने करवाया है।'

घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें बदमाश गोली मारकर भागते नजर आ रहे हैं। शराब ठेकेदार और हमलावरों के बीच 7 साल से रंजिश चल रही थी। दो साल पहले भी छह महीने के गैप में दो बार उस पर हमला हुआ था। थाना प्रभारी सुरेंद्र मलिक ने बताया कि बालावास निवासी शराब ठेकेदार सुनील यादव उर्फ टूल्ली (35) की हत्या हुई है। वह बालावास में ही शराब की दुकान चलाता था। सुनील मंगलवार दोपहर को बानसूर में अलवर बाईपास रोड पर टेलर की दुकान पर कपड़े लेने गया था। इस दौरान तीन बाइक पर 6 बदमाश आए और फायरिंग करके भाग गए।



### आपसी रंजिश में की फायरिंग

पुलिस ने बताया कि ठेकेदार पर फायरिंग कृष्ण कुमार और उसके साथियों ने की है। मामला रंजिश का है। पहले भी शराब ठेकेदार पर फायरिंग की गई थी। बदमाशों की तलाश के लिए इलाके में नाकाबंदी करवाई है। सुनील के 5 से 7 गोलियां लगी थीं। सुनील के मामा के बेटे जितेंद्र ने कृष्ण पहलवान सहित 5 अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दी है। वारदात के बाद बालावास निवासी बदमाश कृष्ण पहलवान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो डाला। वीडियो में उसने सुनील को मारने की जिम्मेदारी ली है।



*आरोपी कृष्ण पहलवान।*

### पेड़ से बांधकर युवक की पीट-पीटकर हत्या

**बीकानेर।** जसरासर थाना क्षेत्र के बादनू गांव में सोमवार रात एक युवक को कुछ लोगों ने पेड़ से बांधकर जमकर पीटा, जिससे युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार घटना का कारण प्रथम दृष्टया अवैध संबंध लग रहा है। सुबह घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य उठाए। जसरासर थानाधिकारी संदीप पूनिया ने बताया कि सोमवार रात करीब 2 बजे बादनू गांव में राजूराम मेघवाल शराब के नशे में एक ढाणी में घुस गया था। इस दौरान ढाणी के नानूराम मेघवाल के तीन बेटों राजूराम, मनोज और सीताराम ने राजूराम को पकड़ कर खेत में पेड़ से बांध दिया और उसको जमकर पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने नानूराम मेघवाल के तीन बेटों राजूराम, मनोज और सीताराम को हिरासत में लिया है।



## एसीबी की दो जगह कार्रवाई

# ग्राम विकास अधिकारी 5000 की घूस लेते ट्रैप

**बेधड़क | डूंगरपुर**

एसीबी की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए वागदरी के ग्राम विकास अधिकारी रितीक पटेल को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। ग्राम विकास अधिकारी ने पीएम आवास की दूसरी और तीसरी किस्त जारी करने की एवज में रिश्वत की मांग की थी। डूंगरपुर एसीबी चौकी प्रभारी रतनसिंह राजपुरोहित ने बताया कि एसीबी चौकी को 19 जून को वागदरी निवासी एक परिवादी ने शिकायत की थी कि उसकी पत्नी को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर मिला है। पीएम आवास योजना की पहली किश्त 15,000 रुपए आ गई थी। बाकी दूसरी व तीसरी किश्त जारी करवाने के लिए ग्राम विकास अधिकारी रितीक पटेल 15 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है। इस पर टीम ने शिकायत का सत्यापन करवाया। टीम ने योजना के अनुसार मंगलवार को पंचायत में ही परिवादी से 5 हजार रुपए की राशि लेते रितीक पटेल को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी ग्राम विकास अधिकारी का सरकारी नौकरी में प्रोबेशन पूरा होने में सिर्फ एक माह ही शेष था।



### दो हजार की घूस लेते पटवारी गिरफ्तार

**जोधपुर।** एसीबी ने ग्राम पंचायत बेलवा के पटवारी दीपक शर्मा को 2 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी के अनुसार पटवारी दीपक शर्मा ने म्यूटेशन (जमीन के नामांतरण) के काम के लिए 2000 रुपए की रिश्वत मांगी थी। शिकायत के सत्यापन के बाद टीम ने ट्रैप की योजना बनाई। एसीबी के इंस्पेक्टर मनीष चौधरी के नेतृत्व में टीम बेलवा स्थित पटवार घर पहुंची। पटवारी दीपक शर्मा ने जैसे ही शिकायतकर्ता से 2000 रुपए की रिश्वत ली, टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया।



## वन विभाग ने वाहन की टक्कर से मौत की आशंका जताई

# नेशनल हाईवे पर मिला लेपर्ड का शव

**बेधड़क | ब्यावर**

रायपुर के सेन्दड़ा क्षेत्र में ब्यावर-पिंडवाड़ा फोरलेन पर लालपुरा सराधना घाटी के पास मंगलवार सुबह एक लेपर्ड का शव मिला। आशंका जताई जा रही है कि सुबह के समय किसी तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से लेपर्ड की मौत हुई है।

घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय सरपंच रतन सिंह भाटी ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। इसके बाद वन विभाग के अधिकारी आनंद बाहरठ और उनकी टीम मौके पर पहुंची। टीम ने लेपर्ड के शव को कब्जे में लेकर सेन्दड़ा कस्बे के वन विभाग कार्यालय पहुंचाया। फिलहाल, वन विभाग की टीम स्थानीय ग्रामीणों से घटना के बारे में जानकारी जुटा रही है। वन विभाग के अधिकारी बाहरठ ने बताया कि संभावना है कि किसी वाहन की टक्कर से लेपर्ड की मौत हुई है।

लेपर्ड का पोस्टमार्टम करवाने के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। बता दें, कि करीब सात दिन पहले सरपंच रतन सिंह भाटी ने रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर इस क्षेत्र में वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए चारदीवारी निर्माण की मांग की थी। यह इलाका पहले भी वन्यजीव दुर्घटनाओं के कारण सुर्खियों में रहा है। इससे पहले सेंदड़ा वन क्षेत्र में ही एक और लेपर्ड की मौत हो गई थी।



## कैफे में पार्टी के बाद आरोपी बहला-फुसलाकर ले गया अपने मकान पर

# उदयपुर में फ्रांस की महिला पर्यटक से रेप

**बेधड़क | उदयपुर**

शहर के बड़गांव थाना क्षेत्र में फ्रांस की एक महिला पर्यटक के साथ रेप का मामला सामने आया है। आरोपी ने वारदात से पहले कैफे में पर्यटक के साथ पार्टी की। इसके बाद आरोपी टूरिस्ट को बहला-फुसलाकर अपने मकान पर ले गया, जहां उसके साथ रेप किया। महिला पर्यटक का निजी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। मामला सोमवार देर शाम का है। थानाधिकारी पूर्ण सिंह राजपुरोहित ने बताया कि टाइगर हिल स्थित द ग्रीक फॉर्म कैफे एंड रेस्ट्रो कैफे में पार्टी हुई थी, जिसमें आरोपी सिद्धार्थ फ्रांस की महिला पर्यटक से मिला था। यहां से आरोपी पर्यटक को अपने सुखेर स्थित किराए के मकान में ले गया। वारदात के बाद युवक फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है। एफआईआर के अनुसार महिला 22 जून को दिल्ली से उदयपुर घूमने के लिए आई थी। यहां अंबामाता थाना क्षेत्र में एक होटल में रुकी थी। सोमवार शाम को पार्टी के लिए गई थी। पर्यटक ने बताया कि पार्टी के दौरान उसकी टेबल पर अचानक एक युवक आया। उसने बोला-चलो बाहर स्मोक करते हैं और आपको यहां के सुंदर नजारे दिखाता हूं।





*इस कैफे में मिले थे पर्यटक व आरोपी युवक।*

### गले नहीं लगी तो रेप किया: पीड़िता

इसी दौरान महिला ने कई बार अपने होटल जाने के लिए कहा, लेकिन युवक नहीं माना। पर्यटक ने बताया कि उसका मोबाइल डिस्चार्ज था। युवक उसे एक अपार्टमेंट में लेकर गया। फिर यहां उसे गले लगने के लिए बोला। वह गले नहीं लगी तो उसके साथ रेप किया। इसके बाद पर्यटक की हालत बिगड़ गई। वह खुद जाकर निजी हॉस्पिटल में भर्ती हुई।

## परिजन बोले- समय पर इलाज मिलता तो बच जाती जान

# निजी अस्पताल में प्रसूता की मौत... हंगामा

**बेधड़क | भीलवाड़ा**

सुभाषनगर थाना इलाके में सोमवार रात को डिलीवरी के दौरान प्रसूता की मौत के बाद परिजनों ने प्राइवेट हॉस्पिटल में हंगामा मचा दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि चिकित्सकों ने इलाज में लापरवाही बरती, जिससे प्रसूता की मौत हुई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाकर मामला शांत किया।

पुलिस ने मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। महिला के जेठ राजेश कोटियाणा ने बताया कि मेरे छोटे बाई बनवारी की पत्नी सीमा (26) को सोमवार दोपहर में डिलीवरी के लिए पोरवाल हॉस्पिटल लाए थे। डॉक्टर ने बताया कि शाम तक नॉर्मल डिलीवरी हो जाएगी। इसके बाद उसे भर्ती करके इलाज चालू कर दिया। दोपहर में डॉक्टर बोले कि ब्लड की जरूरत है। हमने करीब 14 यूनिट ब्लड मंगवा लिया। इसके बाद एक नर्स ने कहा कि सीमा की हालत नाजुक है। सीमा या बच्चे में से एक को ही बचा पाएंगे। हमने कहा कि सीमा को बचा लीजिए। हमें शक है कि तब तक सीमा की मौत हो चुकी थी, लेकिन अस्पताल वाले गुमराह करते रहे। हमें अंदर नहीं जाने दिया गया। नर्स सीपीआर देती रही। ड्यूटी पर कोई डॉक्टर नहीं था। हमें बताया गया कि सीमा सही है। रात 10 बजे हमने अंदर जाकर देखा तो सीमा में कोई हलचल नहीं थी। कुछ देर बाद हमें बताया कि सीमा की डेथ हो चुकी है। पुलिस ने बताया कि परिजनों की रिपोर्ट पर कार्रवाई करेंगे।



*अस्पताल में हंगामा करते परिजन।*



### समय पर इलाज नहीं मिला: परिजन

राजेश कोटियाणा ने कहा कि हॉस्पिटल प्रबंधन हमें गुमराह करता रहा। सीमा को समय पर सही इलाज मिलता तो उसकी मौत नहीं होती। हमने अस्पताल प्रबंधन से सवाल किया तो पुलिस को बुला लिया। रात में पुलिस ने बॉडी कब्जे में ले ली। अस्पताल प्रबंधन से कोई भी व्यक्ति हमसे बात करने को तैयार नहीं। हमें न्याय मिलना चाहिए।

### सगाई से नाराज कोरियोग्राफर ने की प्रेमिका की हत्या

**उदयपुर।** हिरणमगरी थाना क्षेत्र में एक कोरियोग्राफर ने गर्लफ्रेंड की सगाई से नाराज होकर उसकी हत्या कर दी। युवक ने युवती को होटल में मिलने बुलाया था। बातचीत के दौरान विवाद होने पर गुस्से में लड़की का सिर जोर से दीवार पर मार दिया। युवती की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद युवक ने ब्लेड से खुद के हाथ की नस काट ली। वह होटल से सीधा एमबी हॉस्पिटल में जाकर भर्ती हो गया। थानाधिकारी भरत योगी ने बताया कि ऋषभदेव हाल हिरणमगरी निवासी निकिता पुत्री ओमप्रकाश त्रिवेदी की हत्या की गई। आरोपी युवक सेक्टर-3 निवासी विजय भोई है। युवती प्राइवेट कॉलेज से नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी। वह भाई के साथ किराए पर रहती थी।

## एफएसएल टीम ने जुटाए सबूत

# दिनदहाड़े बीच सड़क पर मिली गर्दन कटी हुई लाश

**बेधड़क | राजसमंद**

कांकरोली के पास प्रतापपुरा पुलिया पर मंगलवार को दिनदहाड़े एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। शव की गर्दन को बेरहमी से काटा गया है, जिसके कारण उसका अधिकांश हिस्सा धड़ से अलग हो गया। पुलिस को आशंका है कि धारदार हथियार से युवक की गर्दन पर कई वार किए गए। एएसपी महेन्द्र पारीक ने बताया कि प्रतापपुरा पुलिया पर करीब एक बजे लहूलुहान हालत में एक युवक का शव मिलने की सूचना मिली थी। इस पर एसपी मनीष त्रिपाठी समेत कांकरोली पुलिस थाने का जाब्ता मौके पर पहुंचा। शव की शिनाख्त शेर सिंह (35) पुत्र जोध सिंह राजपूत निवासी खाखरमाला पुलिस थाना आमेट के रूप में हुई है। पुलिस की सूचना पर एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची और सबूत जुटाए। घटना स्थल के पास से युवक की बाइक भी जब्त की गई है। जानकारी के अनुसार, अज्ञात हमलावर कार में बैठकर आए थे और बाइक सवार पर पीछे से हमला किया गया है। हालांकि, सभी एंगल से मामले की जांच जारी है।



राजस्थान राज्य जूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता-2025

# जयपुर को 1-0 से हराकर सीकर ने अपने नाम किया खिताब

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान राज्य जूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का खिताब सीकर ने जयपुर को 1-0 से हराकर अपने नाम किया। जयपुर और सीकर की टीमों ने फाइनल मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मैच शुरू होने के कुछ ही मिनट में सीकर को कॉर्नर मिला। जिस पर सीकर के खिलाड़ी अयान खान ने डायरेक्ट कॉर्नर से ही बॉल जयपुर के गोल पोस्ट में डाल दी। उसके बाद जयपुर की टीम ने कई जवाबी हमले किए, लेकिन मौका चूकने की वजह से वह गोल नहीं कर पाए। आखिर में मैच सीकर ने 1-0 के स्कोर से जीत लिया। जयपुर जिला फुटबॉल संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य अब्दुल जब्बार ने बताया कि जयपुर की टीम ने पूरे टूर्नामेंट में बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया।



## जयपुर ने झुंझुनूं को क्वार्टर फाइनल में हराया

मंगलवार सुबह खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में जयपुर ने झुंझुनूं को 3-0 से पराजित किया। जयपुर की टीम ने मैच की शुरुआत से ही अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखी और उसकी मजबूत मध्य और रक्षा पंक्ति ने झुंझुनूं के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने से रोके रखा। पहले हाफ में लक्ष्य चौधरी ने शानदार गोल कर टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई। मैच के दूसरे हाफ में अधीक्षित और मानविक घई ने गोल किया। वहीं, सेमीफाइनल मैच में जयपुर ने कोटा को पेनल्टी शूटआउट में हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मैच बहुत ही संघर्षपूर्ण रहा और निर्धारित दोनों हाफ में दोनों ही टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन गोल करने में सफल नहीं हो सकीं और मैच ड्रॉप पर समाप्त हुआ। उसके बाद पेनल्टी शूटआउट में जयपुर की तरफ से मानविक घई, अतिवीर धोका, अबीर, विहान विराज शेखावत और अधीक्षित ने गोल किए।

## अतिवीर धोका को बेस्ट प्लेयर का अवार्ड

जयपुर जिला फुटबॉल संचालन समिति के सदस्य डॉ. दिलीप सिंह चुंडावत ने बताया कि पूरे टूर्नामेंट में जयपुर के लिए अधीक्षित, लक्ष्य चौधरी, अवियुक्त नायर, लव सिंह, मानविक घई, अतिवीर धोका, अबीर, युवराज, अक्षत सोनी और गोलकीपर अजीत यादव ने बहुत ही बेहतरीन प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट का बेस्ट प्लेयर का अवार्ड जयपुर टीम के अतिवीर धोका को दिया गया। समापन समारोह में राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरण किया।



अतिवीर धोका

## Yuva स्टोरीज

### एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू



**बेधड़क. जयपुर।** 1-राज आर्म्ड स्क्वाड्रन एनसीसी, जयपुर के तत्वावधान में विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी (VGU), जयपुर में 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। यह शिविर 2 जुलाई 2025 तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल राम मधुकर शर्मा ने उद्घाटन समारोह में कहा कि इस शिविर में लगभग 460 कैडेट्स भाग ले रहे हैं, जो 12 स्कूलों और 4 कॉलेज/विश्वविद्यालयों से आए हैं। कैडेट्स के लिए ड्रिल, फायरिंग, हथियार प्रशिक्षण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रेरणादायक व्याख्यान, खेलकूद और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर न केवल शारीरिक दक्षता को बढ़ाएगा, बल्कि अनुशासन, देशभक्ति और नेतृत्व क्षमता के विकास में भी सहायक होगा।

### सफाई व हरियाली के लिए किया श्रमदान



**बेधड़क, जयपुर।** विद्याधर नगर क्षेत्र में टीम-10 ने अपने नियमित स्वच्छता और सौंदर्यीकरण कार्य को जारी रखते हुए अनुकरणीय पहल की। 34 सदस्यों की इस टीम ने 800 मीटर फुटपाथ की साइड पर काला और पीला पेंट किया, जबकि 3 सीमेंट बेंच और 5 गमलों पर टेराकोटा रंग चढ़ाया गया। साथ ही 700 मीटर ग्रीन बेल्ट की रेलिंग पर ग्रीन ऑयल पेंट, एक ठेले पर पिंक पेंट, पार्क के झूलों पर ऑयल पेंटिंग और पौधरोपण किया गया। क्षेत्र में सफाई के तहत तीन पिकअप से मलबा हटाया गया और कॉलोनियों में लगे पेड़ों को पानी दिया गया। टीम-10 के सदस्यों ने बताया कि विगत 11 वर्षों में उन्होंने एक भी दिन छुट्टी नहीं ली है। प्रतिदिन किसी न किसी रूप में पौधरोपण, सफाई, सौंदर्यकरण या श्रमदान किया जाता है।

### सर्वेश्वर बने प्लांटेशन बोर्ड के चेयरमैन

**बेधड़क, जयपुर।** पर्यावरण वन जलवायु परिवर्तन संवर्धन काउंसिल ऑफ इंडिया के केंद्रीय नेतृत्व ने पर्यावरण क्षेत्र में समर्पित सेवाओं को मान्यता देते हुए सर्वेश्वर शर्मा को प्लांटेशन बोर्ड, राजस्थान का चेयरमैन नियुक्त किया है। यह नियुक्ति दिल्ली स्थित काउंसिल के केंद्रीय कार्यालय में परिषद के नेशनल चेयरमैन राहुल द्विवेदी द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपकर की गई। परिषद भारत सरकार की पर्यावरण और वानिकी नीतियों व कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार तथा क्रियान्वयन की निगरानी करने वाली नेचुरल वेलफेयर विभाग की अधीनस्थ एजेंसी के रूप में कार्य करती है। सर्वेश्वर शर्मा की सामाजिक सरोकारों और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। अपनी नई जिम्मेदारी के अंतर्गत शर्मा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने, ग्रामीण वन योजना के तहत हर गांव और ढाणी में हरित वन विकसित करने, जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने और स्वच्छ पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए कार्य करेंगे।



### सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत



**बेधड़क, जयपुर।** कानोड़िया पीजी गर्ल्स कॉलेज के टीचिंग-लर्निंग सेंटर की ओर से अशैक्षणिक कर्मचारियों के लिए 7 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। 'एम्पावर योरसेल्फ: डिजिटल टूल्स फॉर एवरी डे यूज' विषय पर आधारित इस शिविर का उद्देश्य कर्मचारियों को डिजिटल उपकरणों के प्रभावी उपयोग के लिए सशक्त बनाना है। प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने बताया कि इस प्रशिक्षण से कर्मचारी अपने कार्यों में आधुनिक तकनीकों का दक्षतापूर्वक उपयोग कर सकेंगे। पहले दिन कंप्यूटर विभाग की प्रध्यापिका स्वाति शर्मा ने एम एस वर्ड तथा नोटिस डिजाइन के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स की जानकारी दी। इस आयोजन में कुल 44 अशैक्षणिक कर्मचारी भाग ले रहे हैं।

ICAI के 77वें स्थापना दिवस पर सेवा का संकल्प

# वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का सम्मान हुआ तो नम हुईं आंखें




ब्लड डोनेशन कैंप के पोस्टर का विमोचन करते ICAI के पदाधिकारी।

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (ICAI) के 77वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जयपुर शाखा की ओर से 1 जुलाई तक सामाजिक, शैक्षणिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों की श्रृंखला चलाई जा रही है। इसी कड़ी में वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (75 वर्ष या उससे अधिक आयु) को उनके दीर्घकालिक योगदान, समर्पण और पेशे के प्रति निष्ठा के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य भावुक हो उठे, वहीं उनके परिजन और साथी सदस्य इस सम्मान से गौरवान्वित महसूस करते नजर आए। जयपुर शाखा अध्यक्ष सीए विकास यादव ने बताया कि कार्यक्रम में सीए सतीश कुमार गुप्ता (केंद्रीय परिषद सदस्य) और सीए (डॉ.) रोहित रूवाटिया अग्रवाल ने भाग लिया। दोनों ने वरिष्ठ सदस्यों को 'संस्थान की अमूल्य धरोहर' बताते हुए उनके प्रेरणादायक योगदान की सराहना की।

## एमएसएमई महोत्सव में मनेगा जश्न

जयपुर शाखा सचिव सीए यश गुप्ता ने जानकारी दी कि 27 जून को अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर ICAI देशभर में 'एक दिन एमएसएमई के नाम–चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एमएसएमई की सेवा में' विषय पर महोत्सव आयोजित करेगा। जयपुर शाखा 26 और 27 जून को यह उत्सव मनाएगी। इसका उद्देश्य एमएसएमई व स्टार्टअप्स को सरकारी योजनाओं से जोड़ना, पेशेवर मार्गदर्शन देना और तकनीकी ज्ञान मुहैया कराना है। आयोजकों ने बताया कि आने वाले दिनों में शाखा विभिन्न शैक्षणिक, सामाजिक व प्रेरणादायक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित करेगी। इसमें बुधवार को सैनिटरी पैड वितरण, 26 जून को फल वितरण, 27 को एमएसएमई महोत्सव, 28 को साइकिल रैली, 29 को खेल टूर्नामेंट, 30 जून को पौधरोपण व 1 जुलाई को भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार को रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

## सीएचए जयपुर की लगातार तीसरे साल राजस्थान में टॉप रैंक

**बेधड़क** | जयपुर

कॉलेज ऑफ हॉस्पिटैलिटी एडमिनिस्ट्रेशन (सीएचए), जयपुर ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का परिचय देते हुए इंडिया टुडे-एमडीआरए सर्वेक्षण 2025 में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। इस वर्ष सीएचए ने ऑल इंडिया रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग लगाते हुए 46वीं रैंक हासिल की है। 2024 में सीएचए जयपुर 49वें पायदान पर था। सीएचए ने लगातार तीसरे वर्ष राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ होटल प्रबंधन संस्थान होने का गौरव हासिल किया है। यही नहीं, सीएचए को देश के 'उभरते होटल प्रबंधन कॉलेजों' की सूची में 10वां स्थान मिला है। संस्थान के प्रबंध निदेशक आनंद यादव ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह सफलता संकाय, छात्रों और पूर्व छात्रों के समर्पित प्रयासों का परिणाम है। सीएचए में हम व्यावहारिक शिक्षा, इंडस्ट्री कनेक्ट और वैश्विक मानकों पर विशेष ध्यान देते हैं। यह सम्मान हमें और बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है। गौरतलब है कि इंडिया टुडे-एमडीआरए सर्वे को उच्च शिक्षा का विश्वसनीय आकलन माना जाता है, जिसमें शिक्षण गुणवत्ता, प्लेसमेंट, अधोसंरचना और छात्र संतुष्टि जैसे मानक शामिल होते हैं।



### छात्रों की पहली पसंद बन रहा CHA जयपुर

वैश्विक स्तर की पाठ्यक्रम संरचना, अनुभवी फैकल्टी और 100% प्लेसमेंट सहायता के साथ, सीएचए जयपुर अब देशभर के हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में कॅरिअर बनाने की चाह रखने वाले छात्रों की पहली पसंद बनता जा रहा है। यह उपलब्धियां न केवल सीएचए की गुणवत्ता को प्रमाणित करती हैं, बल्कि इसे भारत के हॉस्पिटैलिटी एजुकेशन में एक अग्रणी संस्थान के रूप में भी स्थापित करती है।

# विकास बेस्ट सीएफओ अवार्ड से सम्मानित



**बेधड़क** | जयपुर

दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्र स्तरीय समारोह में जयपुर के सीएमए विकास कुमावत को बेस्ट सीएफओ अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इंस्टीट्यूट ऑफ कास्ट अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित समारोह में विकास कुमावत को सांसद भर्तृहरि मेहताब और सीएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष विभूति भूषण नायक ने सम्मानित किया। सीएमए विकास कुमावत जयपुर की आभूषण निर्माता कंपनी डेरेवाला इंडस्ट्रीज में सीएफओ पद पर कार्यरत हैं। सीएमए नॉर्दन इंडिया के सेक्रेटरी राकेश यादव, जयपुर चैप्टर के चेयरपर्सन पूर्णिमा गोयल, सेक्रेटरी हरेंद्र पारीक ने विकास कुमावत को बधाई दी।

## लैपटॉप देकर किया सम्मानित




**बेधड़क , जयपुर।** गायत्री शिक्षा समिति ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों विकास चन्द बैरवा (93%) और यक्षित बैरवा (91%) को लैपटॉप देकर सम्मानित किया। विकास का सपना आईएएस बनने का है, जबकि यक्षित इंजीनियर बनना चाहते हैं। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व आरपीएससी चेयरमैन व आईएएस ललित के. पंवार ने विकास को कड़ी मेहनत कर प्रशासनिक सेवा में योगदान देने की प्रेरणा दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा ने हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर एम.एल. बैरवा, नरसी कुमार बैरवा, सुनीता कुवल, बाबूलाल बैरवा सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

## सुनील चौधरी प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त



**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान के संविदा फार्मासिस्ट जयपुर में एकत्रित हुए और आगामी भर्ती मेरिट व बोनस के आधार पर करवाने को लेकर चर्चा की। साथ ही उन्होंने अधिवेशन का आयोजन किया, जिसमें पूरे प्रदेश से फार्मासिस्ट शामिल हुए। इसमें कई विषयों पर चर्चा की गई। इस मौके पर सुनील चौधरी को फार्मासिस्ट संविदा संघर्ष समिति का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही, सभी जिलों के पदाधिकारियों की भी नियुक्ति की गई। समिति के महावीर यादव ने बताया कि निदेशक, चिकित्सा विभाग राकेश शर्मा को ज्ञापन सौंपकर मांगों के बारे में अवगत कराया गया है। उन्होंने संतोषजनक उत्तर दिया। यादव ने बताया कि आगामी भर्ती के लिए राजस्थान में फार्मासिस्ट का कैडर बनने के बाद 999 पद विलोपित हो गए हैं, जिन्हें पुनः सृजित कर शीघ्र नई मेरिट और बोनस के आधार पर फार्मासिस्ट की भर्ती निकाले जाने तथा 'जहां दवा, वहां फार्मासिस्ट' की अनिवार्यता लागू करने की मांग ज्ञापन में की गई है।

बैठक | सप्त शक्ति कमांड फॉर्मेशन कमांडर्स कॉन्फ्रेंस

# ऑपरेशनल तैयारियों में नवाचार के लिए किया प्रेरित

### आधुनिक उपकरणों एवं तकनीकों के उपयोग पर दिया जोर

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर में सप्त शक्ति कमांड फॉर्मेशन कमांडर्स कॉन्फ्रेंस का मंगलवार को समापन हुआ। सप्त शक्ति कमांड के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता की। दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस के दौरान वर्तमान सुरक्षा स्थिति तथा सामरिक और तकनीकी क्षेत्रों में इसके विभिन्न प्रभावों की समीक्षा करते हुए भावी दिशा और बेहतर ऑपरेशनल तैयारियों पर विचार किया गया। कॉन्फ्रेंस में अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने, आधुनिकीकरण, साइबर सुरक्षा तथा क्षमता एवं दक्षता विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष बल दिया गया। आर्मी कमांडर ने उभरते खतरों की रूपरेखा के अनुरूप ऑपरेशनल तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए तकनीक आधारित समाधान और उपकरणों एवं तकनीकों के उपयोग में इनोवेटिव एप्रोच अपनाने पर बल दिया। उन्होंने योजनाबद्ध प्रशिक्षण एवं उसकी व्यापक मूल्यांकन प्रणाली की महत्ता को रेखांकित करते हुए सभी फॉर्मेशन्स को अपनी ऑपरेशनल तैयारियों में अधिक सक्रियता, नवाचार और लचीलापन अपनाने के लिए प्रेरित किया।



कॉन्फ्रेंस में चर्चा करते सैन्य अधिकारी।

### ऑपरेशन सिंदूर की सराहना

सप्त शक्ति कमांड के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने कॉन्फ्रेंस में सभी रैंकों और फॉर्मेशन्स द्वारा ऑपरेशन सिंदूर में किए गए सफल, निर्णायक एवं उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की। साथ ही उन्होंने फॉर्मेशन्स को ऑपरेशनल दक्षता में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अपने प्रयासों को इसी उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

### इंटरनेट की विशालता में छिपा खतरा

# साइबर अपराध और सुरक्षा की चुनौती



स्वाति जैन
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> "साइबर सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार आपराधिक तत्व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को गुमराह करने के लिए आधार कार्ड नवीनीकरण, लॉटरी और कृषि क्रेडिट कार्ड नवीनीकरण जैसे नए तरीकों का इस्तेमाल कर इन अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। इन अपराधों के पीछे न केवल घरेलू बल्कि विदेशी संगठित अपराध समूह भी हैं। राजस्थान के भरतपुर-अलवर और उत्तर प्रदेश का मथुरा, झारखंड के जामताड़ा और हरियाणा के नूंह को पीछे छोड़कर, आज भारत के सबसे कुख्यात अपराध केंद्र बन गए हैं। इसके पीछे अपराधियों की सीमावर्ती क्षेत्रों का लाभ उठाने की प्रवृत्ति है, जहां उस स्थान का पता लगाना मुश्किल हो जाता है जहां से वे यह अपराध कर रहे हैं।"



आ डिजिटलाइजेशन के क्षेत्र में दुनिया जिस तेजी से प्रगति कर रही है, उसे देखते हुए भारत की डिजिटल यात्रा भी बेहद दिलचस्प है। 2023 में देश में 1.2 बिलियन से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता थे, जिससे यह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इंटरनेट आबादी बन गई। इनमें से 1.05 बिलियन उपयोगकर्ताओं ने अपने मोबाइल फोन के माध्यम से इंटरनेट का उपयोग किया। अनुमान है कि 2050 तक यह संख्या 1.2 अरब से अधिक हो सकती है। भारत में स्मार्टफोन, लैपटॉप और अन्य इंटरनेट-सक्षम उपकरणों के बढ़ते उपयोग समाज के लिए बड़े अवसर लाए हैं, लेकिन साथ ही गंभीर चुनौतियां भी आई हैं, जिनमें से एक साइबर अपराध है। अखबारों की सुर्खियां हर दिन साइबर अपराधियों द्वारा लोगों के बैंक खाते और निजी जानकारी हैक करने की खबरें देती हैं, लेकिन हम इसे पढ़ते हैं और आगे बढ़ जाते हैं। पुलिस विभाग और कोर्ट-कचहरी से बचने के कारण आमतौर पर जनता साइबर क्राइम को गंभीरता से नहीं लेती है। हालांकि सरकार साइबर इंटेलिजेंस पर भारी रकम खर्च कर रही है, लेकिन इसका असर केवल शहरी क्षेत्रों में ही ज्यादा दिखता है, ग्रामीण क्षेत्र के लोग आज भी शिकायत करने से तब तक बचते हैं, जब तक क्षति गंभीर न हो।

साइबर सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार आपराधिक तत्व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को गुमराह करने के लिए आधार कार्ड नवीनीकरण, लॉटरी और कृषि क्रेडिट कार्ड नवीनीकरण जैसे नए तरीकों का इस्तेमाल कर इन अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। इन अपराधों के पीछे न केवल घरेलू बल्कि विदेशी संगठित अपराध समूह भी हैं। राजस्थान के भरतपुर-अलवर और उत्तर प्रदेश का मथुरा, झारखंड के जामताड़ा और हरियाणा के नूंह को पीछे छोड़कर, आज भारत के सबसे कुख्यात अपराध केंद्र बन गए हैं। इसके पीछे अपराधियों की सीमावर्ती क्षेत्रों का लाभ उठाने की प्रवृत्ति है, जहां उस स्थान का पता लगाना मुश्किल हो जाता है जहां से वे यह अपराध कर रहे हैं।

ऐसी परिस्थितियों में, भारत सरकार द्वारा केंद्रीय बजट 2024 में साइबर सुरक्षा बजट को 1,550 करोड़ रुपए तक बढ़ाना तथा आम आदमी को इसके लाभ न मिल पाना, एक विरोधाभासी स्थिति की ओर इशारा करता है। साइबर सुरक्षा बजट में वृद्धि के बावजूद, वैश्विक परिप्रेक्ष्य से भारत का साइबर सुरक्षा खर्च अभी भी कछुआ गति से बढ़ रहा है। इस वर्ष अमेरिका में साइबर सुरक्षा परियोजनाओं के लिए 1.079 ट्रिलियन रुपए और यूके में प्रस्तावित खर्च करीब 8,667 करोड़ रुपए है। इसका मतलब यह नहीं है कि भारत को इन विकसित देशों की तर्ज पर अपना बजट बढ़ाने की जरूरत है, बल्कि इन देशों की विशेष परियोजनाओं को अपनाने और अपने अनुकूल ढालकर लागू करने की जरूरत है।

> "वर्ल्ड साइबर क्राइम इंडेक्स 2024 के एक प्रतिष्ठित शोध जर्नल PLOS ONE के अनुसार, आज भारत साइबर क्राइम के मामलों में विश्व में दसवें स्थान पर है। आईटी अधिनियम में 2008 में किए गए संशोधनों के बावजूद, इसमें विभिन्न प्रकार के खतरों का सामना करने के लिए विशेष प्रावधानों की कमी है। गौरतलब है कि समस्या की गंभीरता को देखते हुए तथा हमारे देश में नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, भारतीय साइबर क्राइम समन्वय केंद्र (I4C) की स्थापना 2020 में की गई है।"

इंटरपोल के निदेशक डी. नील जैत्न के अनुसार, साइबर अपराध से निपटने के लिए कोई एक रणनीति कारगर नहीं होती है। वैश्विक साइबर अपराध रिपोर्ट के अनुसार, बेल्जियम, फिनलैंड और स्पेन का साइबर सुरक्षा स्कोर क्रमशः 90.69, 90.16 और 88.61 है। इन देशों की सख्त साइबर सुरक्षा नीतियां और कानून साइबर अपराधों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत को भी इन देशों की रणनीतियों से प्रेरणा लेकर ठोस कदम उठाने की जरूरत है। इसलिए, विशिष्ट और व्यापक कानून बनाना, साइबर अपराध विरोधी इकाइयों की क्षमताओं में सुधार करना, तत्परता से जन जागरूकता अभियान चलाना, अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम में नियमित रूप से संशोधन करना समय की मांग है। इस कार्य को प्रभावी तौर पर लागू करने के लिए निजी भागीदारों, रणनीतिकारों, नीति निर्माताओं और राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों को एक साथ आना होगा। जिस प्रकार पीपीपी जैसे विभिन्न मॉडलों ने भारत के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, उसी तरह साइबर अपराध के बढ़ते खतरे को रोकने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करना एक सराहनीय कदम साबित हो सकता है। भारत का डिजिटल परिदृश्य तेजी से बदल रहा है और अधिक से अधिक लोग अपने दैनिक कार्यों के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भरोसा कर रहे हैं। ऐसे में मजबूत डेटा सुरक्षा प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करना बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। जवाबदेही, पारदर्शिता और अनुमति जैसे सिद्धांतों के माध्यम से व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के लिए भारत की प्रतिबद्धता डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 में स्पष्ट है। आज जरूरत है आईटी अधिनियम 2000 को एक व्यापक कानून का रूप देने की, जिसमें न सिर्फ साइबर धोखाधड़ी और साइबर जासूसी बल्कि साइबर आतंकवाद और साइबर युद्ध भी समग्र रूप से उसके दायरे में आएं।

भारत में साइबर अपराध के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। साइबर अपराध बढ़ने में जहां एक तरफ कमजोर कानून व्यवस्था की अहम भूमिका रही है, वहीं दूसरी ओर ऐसे और भी कई पहलू हैं जो इस समस्या को रोकने में नाकामयाब हो रहे हैं। पहला, आईटी अधिनियम 2000 में संशोधन के बाद भी, साइबर अपराध के लिए अधिकतम 7 साल की सजा का प्रावधान है, जबकि यह एक जमानती अपराध है, जिससे अपराधी गिरफ्तारी के बाद आसानी से जमानत पर रिहा हो जाता है। ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति में अपराधियों के हौसले हमारी सक्षम पुलिस के मनोबल पर भी भारी पड़ जाते हैं। दूसरा, विदेशी अपराधियों का इन गतिविधियों में लिप्त होना है, जिसके कारण ठगी से प्राप्त धन विदेशी बैंकों में चला जाता है और डिजिटल फुटप्रिंट्स (सबूतों) की कमी के चलते यह वापस नहीं आ पाता। कई देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि की कमी के चलते भी विदेश में बैठे अपराधी बेखौफ होकर इन गतिविधियों को अंजाम देते हैं।

वर्ल्ड साइबर क्राइम इंडेक्स 2024 के एक प्रतिष्ठित शोध जर्नल PLOS ONE के अनुसार, आज भारत साइबर क्राइम के मामलों में विश्व में दसवें स्थान पर है। आईटी अधिनियम में 2008 में किए गए संशोधनों के बावजूद, इसमें विभिन्न प्रकार के खतरों का सामना करने के लिए विशेष प्रावधानों की कमी है। गौरतलब है कि समस्या की गंभीरता को देखते हुए तथा हमारे देश में नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, भारतीय साइबर क्राइम समन्वय केंद्र (I4C) की स्थापना 2020 में की गई है, जो अपराध से संबंधित समग्र सूचना एक जगह पर रहने से गलत खातों की पहचान करना, बैंकों का नाम, शाखा का स्थान और भूगोल, जहां ऐसे खाते खोले गए हैं, चिन्हित करने में मदद करता है। नए आईटी नियम 2021 के अंतर्गत, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भारत में एक मुख्य अनुपालन अधिकारी और एक नोडल संपर्क अधिकारी नियुक्त करना अनिवार्य कर दिया गया है। नोडल संपर्क अधिकारी को कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करना और 24 घंटे, सातों दिन उपलब्ध रहना भी अब आवश्यक है। इसके अलावा, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को एक शिकायत अधिकारी भी नियुक्त करना होगा, जो शिकायत निवारण तंत्र का संचालन देखेगा।

कुशल सुरक्षा पेशेवरों की कमी, सुरक्षा के लिए सैकड़ों उपकरण, व्यापक आक्रमण सतह और भारी मात्रा में डेटा जैसी तमाम चुनौतियों के बीच साइबर सुरक्षा के लिए एआई का उपयोग करना आवश्यक है। लेकिन एआई का उपयोग आज के इस युग में दोधारी तलवार के समान है। यानी, इसका उपयोग कौन और किस उद्देश्य से करता है? एआई एक ओर जहां साइबर अपराध से लड़ने की क्षमता को प्रभावित करता है, वहीं दूसरी ओर अपराधियों की क्षमताओं में भी इजाफा करता है।

जिस तरह जहर ही जहर को काटता है, ठीक उसी तरह, तमाम संभावित खामियों के बावजूद एआई के इस्तेमाल को साइबर अपराध रोकने के लिए अनदेखा नहीं किया जा सकता।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

---

### आपातकाल के 50 साल

## लोकतंत्र पर सबसे बड़ा आघात

25 जून 1975 की आधी रात को देश पर थोपे गए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला दौर माना जाता है। प्रख्यात विधि विशेषज्ञों और संवैधानिक अधिवक्ताओं के अनुसार यह न केवल एक राजनीतिक भूल थी, बल्कि एक ऐसी घटना थी जिसने भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं और नागरिक स्वतंत्रता की जड़ों को हिलाकर रख दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन ने आपातकाल को "भयावह भूल" करार देते हुए कहा कि इसका सबसे बड़ा सबक यह है कि संवैधानिक शक्ति को कभी भी व्यक्तिगत नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्ता भ्रष्ट करती है और निरंकुश सत्ता असहनीय होती है। भारत के लोगों ने उस समय अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई और भविष्य में भी उठाते रहेंगे। आपातकाल के दौरान न्यायपालिका की भूमिका भी विवादों में रही। वर्ष 1976 के चर्चित एडीएम जबलपुर बनाम शिवकांत शुक्ला मामले में सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने, चार-एक के बहुमत से यह फैसला दिया कि आपातकाल के दौरान अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार सहित मौलिक अधिकारों को निलंबित किया जा सकता है। केवल न्यायाधीश एच. आर. खन्ना ने असहमति जताते हुए कहा था कि जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार मानव अस्तित्व का अभिन्न हिस्सा है और इसे संविधान से परे देखा जाना चाहिए। उनकी यह असहमति आज भी भारतीय न्यायिक इतिहास की सबसे साहसी टिप्पणी मानी जाती है। आपातकाल की पृष्ठभूमि में 12 जून 1975 को इलाहाबाद हाईकोर्ट का वह ऐतिहासिक फैसला था, जिसमें इंदिरा गांधी को चुनावी कदाचार का दोषी पाया गया और उनके निर्वाचन को अमान्य ठहराते हुए उन्हें पद से हटने का निर्देश दिया गया। इस निर्णय के कुछ ही दिनों बाद आपातकाल की घोषणा कर दी गई। वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि यह समय भारत में स्वतंत्रता और मानवाधिकारों के हनन का प्रतिनिधि काल था। यह कांग्रेस सरकार द्वारा संवैधानिक शक्तियों के राजनीतिक दुरुपयोग और सुप्रीम कोर्ट की न्यायिक असफलता का उदाहरण बन गया। द्विवेदी ने 1973 के केशवानंद भारती मामले का भी जिक्र किया जिसमें 'संविधान की आधारभूत संरचना' सिद्धांत को स्थापित कर संसद की असीमित संशोधन शक्ति पर रोक लगाई गई थी। यह निर्णय लोकतंत्र की रक्षा का मजबूत आधार बना। वर्ष 2017 में पुट्टास्वामी मामले में सुप्रीम कोर्ट की नौ न्यायाधीशों की पीठ ने निजता को मौलिक अधिकार घोषित किया और एडीएम जबलपुर के फैसले को "गंभीर रूप से त्रुटिपूर्ण" बताते हुए उसे प्रभावी रूप से अस्वीकार कर दिया। न्यायालय ने कहा कि जीवन और स्वतंत्रता को मानव अस्तित्व से अलग नहीं किया जा सकता। वरिष्ठ अधिवक्ता विकास पाहवा ने आपातकाल को भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में एक 'गंभीर घटना' बताया। अधिवक्ता अश्विनी दुबे ने उस काल में मानवाधिकारों के उल्लंघन, प्रेस की स्वतंत्रता पर अंकुश और असहमति की आवाजों के दमन को लोकतंत्र की जड़ों पर प्रहार माना। आपातकाल के 50 वर्षों बाद भी यह दौर हमें एक जरूरी चेतावनी देता है कि लोकतंत्र की रक्षा केवल कानूनों से नहीं, बल्कि जनता की सतर्कता, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और सत्ता की पारदर्शिता से होती है। विधि विशेषज्ञों की राय में यह घटनाक्रम भारत के लिए हमेशा एक स्मरणीय सबक रहेगा, "अब या कभी नहीं, दोबारा कभी नहीं।"

### X



**अमित शाह,** केन्द्रीय गृहमंत्री
@AmitShah
25 जून के 'आपातकाल' का दिन हमें याद दिलाता है कि कांग्रेस सत्ता के लिए किस हद तक जा सकती है।



**राजनाथ सिंह,** रक्षा मंत्री
@rajnathsingh
साहस, वीरता और बलिदान की प्रतीक गोंडवाना साम्राज्य की महारानी दुर्गावती ने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनकी वीरता और अतुल्य बलिदान के लिए इस देश की आने वाली पीढ़ियां भी उन्हें हमेशा याद रखेंगी। महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर मैं उन्हें नमन करता हूं।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
हम किसानों की मेहनत को जानते हैं, गरीबों की पीड़ा को जानते हैं, महिलाओं के दर्द को जानते हैं और युवाओं के मन को जानते हैं। मैं बैठने के लिए नहीं हूं.... मैं किसान, गरीब और मजदूर भाइयों के काम के लिए हूं।



**दीयाकुमारी,** उप मुख्यमंत्री राजस्थान
@KumariDiya
धर्म एवं राज्य की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वालीं, अदम्य साहस और शौर्य की प्रतिमूर्ति, महान वीरांगना रानी दुर्गावती जी की पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।

---


### नॉलेज कॉर्नर: क्यों होता है गति रोग और क्या हैं इसके प्रभावी उपाय?

# जब आपकी यात्रा बन जाए असहज अनुभव

गति रोग, जिसे यात्रा रोग या समुद्री बीमारी भी कहा जाता है, उस स्थिति को कहते हैं जब किसी व्यक्ति को यात्रा के दौरान मतली, उल्टी, चक्कर, पसीना आना या थकावट जैसी तकलीफें महसूस होती हैं। यह समस्या समुद्र, सड़क, हवा या यहां तक कि आभासी दुनिया (जैसे वीडियो गेम या VR हेडसेट) में भी अनुभव की जा सकती है। यह कोई नया रोग नहीं है। लगभग 2,000 साल पहले ग्रीक चिकित्सक हिप्पोक्रेट्स ने इस रोग का उल्लेख किया था। 'मतली' शब्द ग्रीक शब्द 'नौस' से आया है, जिसका अर्थ है 'जहाज'। इसका अर्थ यह हुआ कि गति रोग का रिश्ता हमारी यात्रा करने की क्षमता और संतुलन से है।

#### गति रोग क्यों होता है?

हमारा मस्तिष्क अपने आस-पास की जानकारी को समझकर शरीर को निर्देश देता है। जब हमारी आंखें और कान एक जैसी जानकारी नहीं भेजते, जैसे कि कार में बैठकर पढ़ना या मोबाइल देखना, तो मस्तिष्क भ्रमित हो जाता है। यही भ्रम गति रोग का कारण बनता है। हमारे कानों में स्थित वेस्टिबुलर सिस्टम संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब इसकी गतिविधियां आंखों से मिली जानकारी से मेल नहीं खातीं, तो गति रोग के लक्षण सामने आने लगते हैं।



#### कौन होते हैं अधिक संवेदनशील?

गति रोग से कोई भी प्रभावित हो सकता है, लेकिन कुछ लोग स्वाभाविक रूप से अधिक संवेदनशील होते हैं। महिलाएं, विशेषकर गर्भावस्था या मासिक धर्म के दौरान। माइग्रेन या वर्टिगो (चक्कर) से पीड़ित लोग। बच्चे भी अक्सर इस रोग के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। यात्री चालक की तुलना में अधिक प्रभावित होते हैं, क्योंकि चालक के पास गति का नियंत्रण होता है और उसका मस्तिष्क गतिविधियों की पूर्व जानकारी ले पाता है।

#### क्या उपाय मदद करते हैं?

गति रोग को पूरी तरह से रोकना मुश्किल हो सकता है, लेकिन कुछ व्यावहारिक उपाय लक्षणों को कम कर सकते हैं। जैसे कार की खिड़की से बाहर क्षितिज या विमान के पंख पर नजर रखें। पढ़ने या स्क्रीन देखने से बचें, यह आंखों और कानों के संकेतों में विरोधाभास बढ़ा सकता है। आगे की सीट पर बैठें, इससे शरीर की हरकत को बेहतर समझने में मदद मिलती है। गाड़ी चलाएं, चालक बनने से लक्षणों की संभावना कम हो जाती है। गहरी सांस लें और आरामदायक संगीत सुनें, यह तनाव और मतली को कम करने में मदद करता है।

#### क्या दवाएं और घरेलू उपाय काम करते हैं?

*एंटीहिस्टामिन्स जैसे कुछ दवाएं गति रोग के लक्षणों में राहत दे सकती हैं। इन्हें डॉक्टर या फार्मासिस्ट की सलाह से लिया जा सकता है। अदरक या कलाई पर पहनने वाले प्रेशर बैंड जैसे वैकल्पिक उपाय भी कुछ लोगों को राहत देते हैं, लेकिन इन पर वैज्ञानिक प्रमाण अभी सीमित हैं।*

*कंटेंट: रघुवीर जांगिड़*

---

**लेखकों से आग्रह है...**
वे 'सच बेधड़क' में प्रकाशन के लिए अपने लेख, कविता, कहानी, व्यंग्य आदि रचनाएं हमें Editor@sachbedhadakdaily.com पर ई मेल करें। साथ में रचना के अप्रकाशित होने का स्वघोषणा पत्र भी भेजें।

## लालू प्रसाद फिर राजद अध्यक्ष निर्वाचित हुए



**पटना।** राजद ने मंगलवार को घोषणा की कि उसके संस्थापक लालू प्रसाद को फिर से पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। पार्टी के संगठन चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी रामचंद्र पूर्वे ने यहां प्रेसवार्ता में बताया कि प्रसाद एकमात्र उम्मीदवार थे, जिन्होंने एक दिन पहले अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था और जांच के दौरान वह सही पाया गया। पूर्वे ने कहा कि औपचारिक घोषणा पांच जुलाई को यहां की जाएगी, जब पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक होगी। परिषद की बैठक में लालू प्रसाद को निर्वाचन का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। इस बीच, बिहार में राजग ने मुख्य विपक्षी दल पर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि प्रसाद के दोबारा निर्वाचित होने से यह साबित हो गया है कि 28 साल पुराने राजद पर एक परिवार का नियंत्रण है।

## पाक भेजी गई महिला की वापसी कराए गृह मंत्रालय

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान भेजी गई एक महिला की वापसी में मदद करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने कहा है कि मानवाधिकार मानव जीवन का सबसे पवित्र अंग है। न्यायाधीश राहुल भारती, रक्षंदा रशीद और शेख जहूर अहमद की बेटी की याचिका पर सुनवाई कर रहे हैं, जिसमें उसने (याचिकाकर्ता ने) कहा है कि पाकिस्तानी नागरिक रशीद लगभग चार दशकों से विवाहित है और दीर्घकालिक वीजा पर भारत में रह रहा है। अदालत ने छह जून को अपने आदेश में केंद्रीय गृह मंत्रालय के सचिव को यह सुनिश्चित करने को कहा था कि महिला को 10 दिनों के भीतर वापस लाया जाए और परिवार के साथ मिलाया जाए। यह आदेश हाल में उपलब्ध कराया गया।

## मुठभेड़ में मारा गया तीन लाख का इनामी गैंगस्टर

**नई दिल्ली।** दिल्ली-हरियाणा सीमा के पास मंगलवार तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ में तीन लाख रुपए का इनामी वांछित गैंगस्टर मारा गया। मृतक की पहचान हरियाणा में यमुनानगर निवासी रोमिल वोहरा के रूप में की गई है। वह यमुनानगर में एक तिहरे हत्याकांड और कुरुक्षेत्र में एक हत्या मामले समेत आठ से अधिक मामलों में वांछित था। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (विशेष शाखा) प्रमोद सिंह कुशवाह ने बताया कि रोमिल दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा द्वारा दर्ज शस्त्र अधिनियम से संबंधित मामलों में भी वांछित था।

### रेलवे की 1 जुलाई से नया किराया लागू करने की तैयारी, लोकल ट्रेनों की यात्रा पर नहीं होगा कोई असर

# लंबी दूरी व एसी का सफर अब हो सकता है महंगा

एजेंसी | नई दिल्ली

रेलवे 1 जुलाई 2025 से नया किराया लागू करने की तैयारी कर रही है। बढ़े दाम लंबी दूरी और एसी ट्रेनों के लिए होंगे। हालांकि लोकल (सबअर्बन) ट्रेनों के किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। वहीं मासिक पास पर भी इसका कोई असर नहीं होगा। मासिक सीजन टिकट (MST) पुराने दरों पर ही मिलेगा। ऐसे में कुछ कैटेगरी के लिए राहत भी है। सूत्रों के मुताबिक, ये नया किराया उन लोगों से भी वसूला जाएगा, जिन्होंने एक जुलाई से पहले टिकट कराया है और यात्रा की तारीख एक जुलाई या उसके बाद की है। संशोधित दरें मुख्य रूप से लंबी दूरी के यात्रियों को प्रभावित करेंगी, जबकि दैनिक और छोटी दूरी के यात्रियों पर कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

### ...तो ट्रेन में टीटी वसूलेंगे बढ़ा हुआ किराया

सूत्रों के अनुसार रेलवे द्वारा प्रस्तावित रेल किराया 01 जुलाई से लागू हो सकता है और ऐसा होता है तो पहले के ट्रेन टिकट के किराए और नए किराए के बीच के अंतर की राशि टीटी द्वारा ट्रेन में ही वसूली जाएगी।



### टिकट बुकिंग के नए सिस्टम का ट्रायल शुरू

सूत्रों के अनुसार टिकट बुकिंग के नए सिस्टम को लेकर रेलवे ने तैयारी शुरू कर दी है। इसे लेकर ट्रायल भी शुरू हो गया है। 6 जून से यह सिस्टम राजस्थान के बीकानेर डिवीजन में पायलट के तौर पर शुरू किया गया है। ये अभी एक ट्रेन तक सीमित है और कहा जा रहा है अब तक इसमें किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं आई है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि कुछ हफ्ते तक इसे आजमाया जाएगा।

### साधारण सेकण्ड क्लास में 500 किमी तक किराए में वृद्धि का प्रस्ताव नहीं

नए टैरिफ के मुताबिक, साधारण सेकंड क्लास में 500 किमी तक कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन 500 किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर आधा पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाया जाएगा। वहीं मेल/एक्सप्रेस (गैर-एसी) ट्रेनों में 1 पैसा प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। एसी क्लास में भी 2 पैसे प्रति किलोमीटर का इजाफा किए जाने का प्रस्ताव है। रेलवे ने यह बदलाव यात्रियों पर कम से कम असर डालते हुए सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया है। ज्ञात रहे कि कुछ दिन पहले ही रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि विभिन्न ट्रेनों में अलग-अलग श्रेणियों का किराया उनमें दी जाने वाली सुविधाओं पर आधारित होता है और विभिन्न प्रकार के यात्री वर्गों के लिए अलग-अलग ट्रेन सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।

### संसदीय समिति की बैठक में सांसदों का सवाल...

### जस्टिस वर्मा के मामले में प्राथमिकी दर्ज क्यों नहीं हुई!

# 'जजों को सेवानिवृत्ति के बाद पांच साल तक कोई दायित्व नहीं मिले'


एजेंसी | नई दिल्ली

संसद की एक स्थायी समिति की बैठक में मंगलवार को कई सांसदों ने कहा कि दिल्ली हाई कोर्ट में न्यायाधीश रहते न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास से जले हुए नोट मिलने के मामले में कोई प्राथमिकी क्यों दर्ज नहीं की गई है और न्याय विभाग को इस प्रकरण को लेकर विस्तृत नोट तैयार करना चाहिए। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सांसदों ने न्यायाधीशों के लिए एक आचार संहिता तय करने की भी मांग की और इस बात पर जोर दिया कि उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों को सेवानिवृत्ति के बाद कम से कम पांच साल की अवधि तक कोई सरकारी उत्तरदायित्व नहीं मिलना चाहिए।

कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय संबंधी संसदीय समिति की बैठक के दौरान विभिन्न दलों के सांसदों ने इस मुद्दे को उठाया और विधि एवं न्याय मंत्रालय से सवाल पूछे कि वह न्यायपालिका से संबंधित मामलों में क्या कर रहा है। बैठक में न्याय विभाग के सचिव ने उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता के मुद्दों और न्यायाधीशों द्वारा सेवानिवृत्ति के बाद कार्यभार संभालने के संबंध में 'न्यायिक प्रक्रियाओं और उनके सुधार' पर एक प्रस्तुति दी थी।





### सेवानिवृत्ति के तत्काल बाद सांसद या अन्य पद पर न हो नियुक्ति

सांसदों ने न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति के बाद की नियुक्तियों पर भी विचार-विमर्श किया और कहा कि उन्हें सेवानिवृत्ति के पांच वर्ष बाद तक ऐसी नियुक्तियां नहीं मिलनी चाहिए। कुछ सांसदों ने यह भी कहा कि पूर्व न्यायाधीशों को सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद भारत के राष्ट्रपति द्वारा सांसद या किसी अन्य पद पर नियुक्त नहीं किया जाना चाहिए। ज्ञात रहे कि नकदी बरामद होने के बाद न्यायाधीश वर्मा को उनकी मूल अदालत इलाहाबाद हाई कोर्ट में वापस भेज दिया गया। उन्होंने उनके खिलाफ लगे आरोपों से इनकार किया है।

### भाजपा के बृजलाल हैं समिति के अध्यक्ष

राज्यसभा की इस समिति के अध्यक्ष भाजपा सदस्य बृजलाल हैं और इसमें भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई (मनोनीत सांसद), पूर्व कानून राज्य मंत्री पी पी चौधरी, तृणमूल कांग्रेस सांसद सुखेंदु शेखर रे और कल्याण बनर्जी, कांग्रेस के विवेक तन्खा और द्रमुक के पी. विल्सन और ए. राजा प्रमुख सदस्य हैं।

### न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता पर विधेयक की मांग

बैठक में सदस्यों ने न्यायाधीशों की आचार संहिता पर उठाए गए विभिन्न मुद्दों और चिंताओं पर गौर करते हुए एक व्यापक विधेयक की भी मांग की। सांसदों ने सवाल किया कि न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास से बेहिसाब नकदी की बरामदगी के मामले पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई और उन्होंने आचार संहिता लागू करने की मांग की। कुछ सांसदों ने यह भी पूछा कि न्यायाधीश वर्मा को हटाने का कोई प्रस्ताव अब तक क्यों नहीं लाया गया है।

### न्यायसंगत कार्रवाई हो

सूत्रों ने कहा कि कुछ लोगों की यह मांग थी कि कार्रवाई न्यायसंगत होनी चाहिए क्योंकि एक छोटे से भ्रष्टाचार के मुद्दे पर एक सरकारी कर्मचारी को अपनी नौकरी गंवानी पड़ सकती है, लेकिन बेहिसाब नकदी की बरामदगी के बाद भी न्यायपालिका के एक वरिष्ठ सदस्य के खिलाफ कोई कार्रवाई शुरू नहीं की गई है।

### जस्टिस यादव को हटाने संबंधी नोटिस

## अभी तक 55 में से 45 सदस्यों के हस्ताक्षरों का ही हुआ सत्यापन

एजेंसी | नई दिल्ली

राज्यसभा सचिवालय ने पुष्टि की है कि इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश शेखर यादव को उनके कथित 'घृणास्पद भाषण' के लिए पद से हटाने के संबंध में प्रस्ताव लाने का नोटिस देने वाले 55 सांसदों में से 45 सदस्यों के हस्ताक्षर का सत्यापन हो गया है जबकि कपिल सिब्बल और नौ अन्य ने अब तक अपने हस्ताक्षरों का सत्यापन नहीं किया है। सिब्बल नोटिस पर शीघ्र कार्रवाई के लिए मुखर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्यसभा सचिवालय से ऐसा कोई ईमेल नहीं मिला है, जिसमें पुष्टि की गई हो कि पिछले छह महीनों के दौरान उनके आधिकारिक ईमेल पर तीन बार नोटिस भेजा गया है। सिब्बल ने हस्ताक्षरों के सत्यापन की आवश्यकता और मार्च में देरी से प्रक्रिया शुरू करने पर भी सवाल उठाया। इस संबंध में नोटिस 13 दिसंबर 2024 को प्रस्तुत किया गया था। जिन सांसदों के हस्ताक्षर सत्यापित नहीं हुए हैं और जिन्होंने अब तक राज्यसभा सचिवालय के ईमेल प्रश्नों का जवाब नहीं दिया है, उनमें आप के राघव चड्ढा और संजीव अरोड़ा, तृणमूल कांग्रेस की सुष्मिता देव, केरल से कांग्रेस सदस्य जोस के मणि, अजीत कुमार भुइयां, जी सी चंद्रशेखर और फैयाज अहमद शामिल हैं।



### एक सदस्य के दो बार हस्ताक्षर होने की जांच

न्यायाधीश यादव को हटाने के लिए 55 सांसदों ने प्रस्ताव के नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन उनमें से एक सदस्य सरफराज अहमद के हस्ताक्षर नोटिस पर दो बार दिखाई दे रहे हैं। राज्यसभा सचिवालय जांच कर रहा है कि नोटिस पर उनके हस्ताक्षर दो बार कैसे दिखाई दे रहे हैं और क्या वे जाली हैं। झारखंड से झामुमो के सांसद अहमद इस मुद्दे पर पहले ही राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से मिल चुके हैं और इस बात की पुष्टि की है कि उन्होंने दो बार नहीं बल्कि केवल एक बार हस्ताक्षर किए हैं। न्यायाधीश यादव को हटाने के लिए 55 विपक्षी सांसदों द्वारा प्रस्तुत नोटिस पर तारीख नहीं है और ये किसी को संबोधित नहीं है।

### महाराष्ट्र को लेकर राहुल गांधी के आरोप पर चुनाव आयोग ने की बैठक की पेशकश

## वोटों की हुई चोरी, CCTV फुटेज जारी करें: राहुल

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पिछले साल हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की शुचिता को लेकर मंगलवार को एक बार फिर सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि प्रदेश में वोट की चोरी हुई है और इस बारे में जानकारी छिपाना ही इसकी स्वीकारोक्ति है। उन्होंने यह भी कहा कि आयोग को डिजिटल मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज तत्काल जारी करनी चाहिए। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के अपने निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या केवल पांच महीनों में आठ प्रतिशत बढ़ गई। उन्होंने दावा किया, कुछ बूथों पर 20-50 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई। बीएलओ ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वोट डालने की सूचना दी।



## चुनाव कानूनों व नियमों के मुताबिक कराए जाते हैं: EC

एजेंसी | नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली के आरोपों पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को औपचारिक रूप से पत्र लिखकर कहा है कि आयोग द्वारा सभी चुनाव संसद द्वारा पारित कानूनों और नियमों के अनुसार कराए जाते हैं। आयोग ने बताया कि पूरी चुनावी प्रक्रिया के दौरान हजारों कर्मी तैनात होते हैं, जिनमें राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ-स्तरीय एजेंट भी शामिल हैं। आयोग ने बीते 12 जून को राहुल गांधी को ईमेल किए गए एक पत्र में कहा कि पूरी चुनाव प्रक्रिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर विकेंद्रीकृत तरीके से आयोजित की जाती है। आयोग सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए सुविधाजनक समय पर आपसे व्यक्तिगत रूप से मिलने को तैयार है।




### ओम माथुर की राष्ट्रपति से शिष्टाचार भेंट



**नई दिल्ली।** सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर ने दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राष्ट्रपति के साथ कई मुद्दों पर चर्चा की।

### जीई एयरोस्पेस से 12 इंजन मिलने की उम्मीद

# वायुसेना को मार्च 2026 तक 6 तेजस मिल जाएंगे: HAL

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना को मार्च 2026 तक कम से कम आधा दर्जन हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) 'तेजस' मिल जाएंगे। इस विमान का निर्माण करने वाली कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) का दावा है कि उसके पास छह विमान तैयार हैं।

एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) डी के सुनील ने 'पीटीआई वीडियो' के साथ एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि तेजस की आपूर्ति में देरी अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस द्वारा समय पर एफ 404 इंजन की आपूर्ति नहीं किए जाने के कारण हुई। ज्ञात रहे कि एलसीए तेजस के एमके-1ए संस्करण की आपूर्ति में देरी का मामला वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह ने हाल ही में उठाया था, जिसके बाद यह बड़ा मुद्दा बन गया था। सुनील ने कहा कि जीई एयरोस्पेस द्वारा चालू वित्त वर्ष में 12 इंजन की आपूर्ति किए जाने की उम्मीद है। इससे वायुसेना को लड़ाकू विमानों की आपूर्ति में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि आज की तारीख में, हमारे पास छह विमान तैयार हैं। जीई एयरोस्पेस को 2023 में इंजन की आपूर्ति करनी थी। अब तक, हमें केवल एक इंजन मिला है। सुनील के अनुसार, जीई एयरोस्पेस के साथ तकनीकी मुद्दों को सुलझा लिया गया है और एचएएल को मार्च 2026 तक 12 जेट इंजन मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि एचएएल ने आने वाले वर्ष में 16 जेट के उत्पादन की योजना बनाई है, बशर्ते जीई एयरोस्पेस से इंजन की आपूर्ति निरंतर संभव हो सके।



डी के सुनील

### फरवरी 2021 में हुआ था 83 तेजस एमके-1ए की खरीद का समझौता

रक्षा मंत्रालय ने फरवरी 2021 में वायुसेना के लिए 83 तेजस एमके-1ए जेट की खरीद के लिए एचएएल के साथ 48,000 करोड़ रुपए का सौदा किया। मंत्रालय 67,000 करोड़ रुपए की लागत से 97 और एलसीए एमके-1ए खरीदने की प्रक्रिया में है। एकल इंजन वाला एमके-1ए भारतीय वायुसेना के मिग-21 लड़ाकू विमानों की जगह लेगा।

### एफ-414 जेट इंजन बनाने के लिए GE से करार मार्च 2026 तक



सुनील ने कहा कि कंपनी जेट इंजन का संयुक्त रूप से उत्पादन करने के लिए अमेरिकी रक्षा कंपनी जीई एयरोस्पेस के साथ मार्च 2026 तक समझौता कर लेगी। इससे भारत के अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमानों की क्षमता बढ़ेगी। इंजन के लिए प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण पर जीई एयरोस्पेस के साथ महत्वपूर्ण बातचीत पूरी हो गई है। हम अब टीओटी (प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण) सिद्धांतों पर चर्चा कर रहे हैं। हमारे पास 80 प्रतिशत प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण होगा। ये चर्चा लगभग पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा, अब हम वाणिज्यिक क्षेत्र में प्रवेश करेंगे। चालू वित्त वर्ष में, हम यह सौदा पूरा कर लेंगे। सुनील ने कहा कि जीई इंजन का उपयोग तेजस हल्के लड़ाकू विमान मार्क-2 संस्करण और पांचवीं पीढ़ी के अत्याधुनिक मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) के शुरुआती प्रोटोटाइप में किया जाएगा।

### विधायक चाचाण की उपराष्ट्रपति से भेंट

## नोहर समेत हनुमानगढ़ जिले के विकास पर की चर्चा



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात करते हुए विधायक अमित चाचाण।

**नोहर।** नोहर विधायक अमित चाचाण ने दिल्ली में उपराष्ट्रपति भवन में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट की और उनके साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की। चाचाण ने इस मौके पर नोहर सहित हनुमानगढ़ जिले के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इसके अलावा चाचाण ने दिल्ली में अन्य कई नेताओं से भी मुलाकात की। उन्होंने राज्यसभा सांसद मुकुल वासनिक, प्रमोद तिवाड़ी, नीरज डांगी आदि से मुलाकात की और सांसद कोटे से नोहर क्षेत्र के विकास के लिए राशि स्वीकृत करने की भी मांग रखी। इस दौरान दौरान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र दादरी भी मौजूद रहे।

## पहले टेस्ट में 371 रन का बड़ा टारगेट देकर भी भारत नहीं कर पाया बचाव, 0-1 से पिछड़ा

# डकेट-रूट की पारियों से इंग्लैंड पांच विकेट से जीता

**एजेंसी** | लीड्स

इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच को पांच विकेट से जीतकर 1-0 की बढ़त बना ली है। मेजबान इंग्लैंड ने मैच के पांचवें और आखिरी दिन 371 रनों का लक्ष्य 82 ओवर में हासिल कर लिया। इंग्लैंड द्वारा दूसरा सबसे बड़ा टारगेट किया गया है। सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने शानदार शतक के साथ अपनी टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। जीत के लिए 371 रन के लक्ष्य के जवाब में डकेट ने 170 गेंद में 149 रन बनाए। इंग्लैंड ने चाय ब्रेक तक चार विकेट पर 269 रन बना लिए थे। उसे आखिरी सत्र में सिर्फ 102 रन की जरूरत है। जो रूट (53) और जेमी स्मिथ (44) ने छठे विकेट के लिए 71 रनों की अटूट साझेदारी कर अपनी टीम को विजय लक्ष्य पर पहुंचाया। इग्लैंड ने अंतिम दिन के खेल की शुरुआत 21/0 के स्कोर से की। उसने पहले सत्र में कोई विकेट नहीं गंवाया।

बाएं हाथ के बल्लेबाज डकेट (149) ने सुबह के सत्र में जसप्रीत बुमराह को संभलकर खेला । बुमराह ने 16 ओवर में 55 रन दिए लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। डकेट और जैक क्रॉली (65) ने पहले विकेट के लिए 188 रन की साझेदारी की। लंच के बाद कुछ देर बारिश होने से भारत को फायदा मिला और सुबह नाकाम रहे प्रसिद्ध कृष्णा ने 11 ओवर में 69 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने क्रॉली को स्लिप में केएल राहुल के हाथों लपकवाया। इसके बाद पहली पारी में शतक लगाने वाले ओली पोप (आठ) को पवेलियन भेजा। दोहरे झटकों के बावजूद डकेट ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी ।




### भारतीय गेंदबाज नहीं कर पाए चमत्कार

सुबह के सत्र में बुमराह ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला । सिराज और ठाकुर पर इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने दबाव बनाए रखा। डकेट को सिराज की गेंद पर जायसवाल से जीवनदान भी मिला। रविंद्र जडेजा को पिच से कोई मदद नहीं मिली और डकेट ने उन्हें कई अच्छे रिवर्स स्वीप लगाए। एक रिवर्स स्वीप पर चौका लगाया तो दूसरी पर एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से छक्का जड़ा। कुलदीप यादव जैसे स्पिनर को नहीं उतारने का भारत को खामियाजा भुगतना पड़ा।

# दिलीप दोषी के निधन पर क्रिकेट जगत में शोक

**एजेंसी** | नई दिल्ली



सचिन तेंदुलकर सहित भारतीय क्रिकेट समुदाय ने बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर दिलीप दोषी को श्रद्धांजलि अर्पित की है। दोषी का सोमवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह 77 साल के थे। बिशन सिंह बेदी के संन्यास लेने के बाद 1979 में दोषी ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और 1983 तक कुल 33 मैच खेले और 114 विकेट हासिल किए। तेंदुलकर ने 1990 के इंग्लैंड दौरे में दोषी के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, मैं दिलीप भाई से पहली बार 1990 में ब्रिटेन में मिला था और उस दौरे पर उन्होंने मुझे नेट्स पर गेंदबाजी की थी। वह मुझसे बहुत प्यार करते थे और मैंने भी उनकी भावनाओं का सम्मान किया। मुझे उनकी बहुत याद आएगी। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। दोशी के साथ खेल चुके पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रवि शास्त्री ने उन्हें बेदाग, एक सज्जन व्यक्ति और बेहतरीन गेंदबाज के रूप में याद किया।

### सैन्य तैयारी: जापान ने किया मिसाइल परीक्षण



**टोक्यो**। जापान ने अपने क्षेत्र में पहली बार मिसाइल परीक्षण किया है। जापान, चीन के प्रतिरोध के लिए जवाबी हमला करने की क्षमता हासिल करने के लिए अपनी सैन्य तैयारियों को बढ़ा रहा है। जापान के उत्तरी मुख्य द्वीप होक्काइडो के 'शिजुनाई एंटी-एयर फायरिंग रेंज' में 'टाइप-88' मिसाइल का परीक्षण किया गया। यह सतह से जहाज पर मार करने वाली कम दूरी की मिसाइल है। अधिकारियों ने बताया कि 'ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स' की पहली 'आर्टिलरी ब्रिगेड' के अभ्यास में लगभग 300 सैनिक शामिल हुए, जिन्होंने होक्काइडो के दक्षिणी तट से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित जहाज पर प्रशिक्षण मिसाइल से निशाना साधा।

### रघुवंशी हत्याकांड: फ्लैट मालिक ट्रांजिट रिमांड पर

**ग्वालियर**। इंदौर के उस फ्लैट के मालिक लोकेंद्र सिंह तोमर को मंगलवार को तीन दिन के लिए मेघालय पुलिस की ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया गया, जहां सोनम रघुवंशी अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या के बाद मेघालय से भागकर रुकी थी। इंदौर के पुलिस उपायुक्त (अपराध) ने ग्वालियर के पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया था, जिसके बाद तोमर को सोमवार को ग्वालियर के गांधी नगर इलाके के एक फ्लैट से हिरासत में लिया गया था। थाना प्रभारी राशिद खान ने बताया कि उसे मंगलवार सुबह मेघालय पुलिस की एक टीम को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि तोमर को जिला अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे 72 घंटे के लिए मेघालय पुलिस की ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया।

## चीन में शंघाई सहयोग संगठन देशों के सुरक्षा सचिवों की बैठक

# आतंकवाद से निपटने में दोहरे मापदंड अब नहीं चलेंगे: डोभाल

**एजेंसी** | बीजिंग

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने मंगलवार को आतंकवाद से निपटने में दोहरे मापदंड अपनाने से बचने का आह्वान किया और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्यों से सीमा पार आतंकवाद के अपराधियों, आयोजकों और वित्तपोषकों को जवाबदेह ठहराने का आग्रह किया। डोभाल ने बीजिंग में एससीओ के सुरक्षा परिषद सचिवों की बैठक को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। उनकी इस टिप्पणी को व्यापक रूप से पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की मांग के रूप में देखा जा रहा है।

एनएसए ने कहा कि भारत, लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), अलकायदा, आईएसआईएस और इसके सहयोगी जैसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी समूहों से लगातार खतरे को लेकर बेहद चिंतित है। उन्होंने कहा कि सीमापार आतंकवाद सहित आतंकवाद का कोई भी कृत्य मानवता के विरुद्ध अपराध है। उन्होंने एससीओ सदस्यों से सीमापार आतंकवादी कृत्यों के अपराधियों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराने तथा उन्हें न्याय के दायरे में लाने में मदद करने का आह्वान किया। भारत और चीन के अलावा एससीओ में पाकिस्तान, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं।



*भारत के एनएसए अजीत डोभाल चीन के बीजिंग में SCO सुरक्षा परिषद सचिवों की बैठक के अवसर पर रूस की सुरक्षा परिषद के उप सचिव अलेक्सांद्र वेनेडिक्टोव के साथ चर्चा करते हुए।*

### आतंकी ढांचे को नष्ट करने लिए शुरू किया ऑपरेशन सिंदूर

डोभाल ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद नई दिल्ली ने आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने और आतंकवादियों को भारत में हमले करने से रोकने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। उन्होंने कहा कि भारत की कार्रवाई नपी-तुली और गैर-उकसावे वाली थी। ज्ञात रहे कि पहलगाम हमले में लश्कर के एक छद्म संगठन टीआरएफ ने 26 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी थी और कई अन्य को घायल कर दिया था।

### राजनाथ सिंह लेंगे रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी बुधवार से शुरू हो रहे एससीओ रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन के क़िंगदाओ की यात्रा कर रहे हैं। सिंह आतंकवाद को रोकने के प्रयासों को बढ़ाने के लिए एससीओ पर दबाव डालेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, रक्षा मंत्री शंघाई सहयोग संगठन के सिद्धांतों और अधिदेश के प्रति भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को उजागर करेंगे, अधिक अंतरराष्ट्रीय शांति कायम करने और सुरक्षा बहाली की दिशा में भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित करेंगे तथा क्षेत्र में आतंकवाद और उग्रवाद को खत्म करने के लिए संयुक्त और लगातार प्रयास करने का आह्वान करेंगे।

### साझा कार्रवाई की रूपरेखा की प्रस्तुत

डोभाल ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों तथा लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और उनके समर्थकों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने तथा आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट करने की वकालत की। उन्होंने अल-कायदा और उसके सहयोगियों जैसे अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी समूहों द्वारा उत्पन्न चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए संयुक्त कार्रवाई की रूपरेखा भी प्रस्तुत की।

## भारतीय विमान कंपनियों की घोषणा

# हवाई क्षेत्र खुलने से पश्चिम एशिया के लिए उड़ानों की बहाली शुरू

**एजेंसी** | नई दिल्ली



एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मंगलवार को क्रमशः दुबई और मस्कट के लिए उड़ानें शुरू करने के साथ ही पश्चिम एशियाई गंतव्यों के लिए अपनी सेवाएं फिर से बहाल कर दीं। खाड़ी क्षेत्र के देशों के अपने हवाई क्षेत्र फिर से खोल देने के बाद ये उड़ानें बहाल की गई हैं। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के साथ क्षेत्र के कुछ देशों ने अपने हवाई क्षेत्र बंद कर दिए थे। इसकी वजह से कई उड़ानों का मार्ग बदलना पड़ा था जबकि कुछ उड़ानों को रद्द कर दिया गया था। ऐसी उड़ानों की संख्या 60 से ज्यादा थीं।

टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने पश्चिम एशिया के शहरों के लिए उड़ानें फिर से शुरू कर दी हैं। एयरलाइंस के अधिकारियों ने कहा कि एयर इंडिया दिल्ली-दुबई उड़ान संचालित कर रही है और एयर इंडिया एक्सप्रेस दिल्ली-मस्कट सेवा संचालित कर रही है। एयर इंडिया ने कहा कि वह धीरे-धीरे पश्चिम एशिया के लिए उड़ानें फिर से शुरू करेगी, क्योंकि इस क्षेत्र में हवाई क्षेत्र फिर से खुल रहे हैं। उसने कहा कि ज्यादातर परिचालन 25 जून से दोबारा शुरू होंगे। पहले रद्द की गई यूरोप की उड़ानें भी क्रमिक रूप से बहाल की जा रही हैं, जबकि अमेरिका और कनाडा के पूर्वी तट से आने-जाने वाली सेवाएं जल्द से जल्द फिर शुरू होंगी। एयर इंडिया ने सोमवार को पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के मद्देनजर इन क्षेत्रों के लिए परिचालन को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया था। क्षेत्र के कुछ देशों ने भी अपने हवाई क्षेत्र बंद कर दिए थे।

पश्चिम एशिया के बड़े विमान परिचालकों में शामिल एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी कहा कि वह मंगलवार से मस्कट, रियाद और जेद्दा के लिए उड़ानों के साथ पश्चिम एशिया के लिए अपनी उड़ान सेवाएं दोबारा शुरू कर रही है। इस क्षेत्र के लिए हमारी पहली उड़ान दिल्ली-मस्कट मार्ग पर होगी, उसके बाद मुंबई-मस्कट, कोझिकोड-मस्कट, कोझिकोड-रियाद और जयपुर-जेद्दा मार्गों पर सेवाएं होंगी।

## ईरान ने गंवाए 14 परमाणु वैज्ञानिक, एटमी कार्यक्रम पर उठ रहे सवाल

# हमले ने पीछे धकेला, रोक नहीं पाएगा!

**एजेंसी** | पेरिस

इजराइली हमलों में ईरान के नुकसान का यदि आकलन किया तो सबसे बड़ी क्षति उसके कम से कम 14 परमाणु वैज्ञानिकों का मारा जाना है जिनकी निगरानी में उसका परमाणु कार्यक्रम आगे बढ़ रहा था। वहीं, विशेषज्ञों का कहना है कि यह हमला भले ही ईरान को पीछे धकेल सकता है किंतु उसे रोक नहीं पाएगा।

फ्रांस में इजराइल के राजदूत जोशुआ जर्का ने 'एसोसिएटेड प्रेस' से कहा कि वैज्ञानिकों की मौत और इजराइली व अमेरिकी हमलों में बचे परमाणु ढांचों और सामग्रियों से ईरान के लिए हथियार बनाना लगभग असंभव होगा। उन्होंने कहा कि पूरे समूह के खात्मे के कारण ईरान का परमाणु कार्यक्रम कुछ वर्ष नहीं काफी वर्ष के लिए टल गया है। हालांकि परमाणु विश्लेषकों का यह भी कहना है कि ईरान के पास अन्य वैज्ञानिक हैं जो उनकी जगह ले सकते हैं।



यूरोपीय देशों की सरकारों का कहना है कि मात्र सैन्य बल से ईरान की परमाणु प्रौद्योगिकी में हुई प्रगति को खत्म नहीं किया जा सकता। यही वजह है कि वे ईरानी कार्यक्रम के बारे में चिंताओं को दूर करने के लिए बातचीत के जरिए समाधान चाहते हैं।

अमेरिकी विशेषज्ञ एवं पूर्व राजनयिक मार्क फिट्ज़पैट्रिक ने कहा कि परमाणु केंद्रों पर बमबारी करना या कुछ लोगों को मारने से इस परमाणु कार्यक्रम को कुछ समय के लिए पीछे धकेल दिया जाएगा। यदि दोनों काम एक साथ किए जाते हैं तो यह कुछ और पीछे चला जाएगा, लेकिन इस कार्यक्रम को फिर से खड़ा कर लिया जाएगा। मार्क ने कहा, उनके पास शायद अगले स्तर पर विकल्प हैं। हालांकि वे उतने योग्य नहीं हैं लेकिन वे अंततः काम पूरा कर लेंगे।

### हमले में मदद का इंतजार कर रहे 44 लोग मारे गए

**दीर अल बलाह (गाजापट्टी)**। इजराइली सेना और ड्रोन ने मंगलवार तड़के दक्षिणी और मध्य गाजा में सहायता ट्रकों का इंतजार कर रहे सैकड़ों लोगों को निशाना बनाया, जिसमें 44 लोग मारे गए। फिलिस्तीनी चश्मदीदों एवं अस्पतालों ने यह जानकारी दी। इस बीच, फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा है कि गाजा में इजराइल के सैन्य अभियान में जान गंवाने वालों की संख्या 56,000 के पार पहुंच गई है। फिलिस्तीनियों एवं स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि इजराइली सैनिक अक्सर भोजन इकट्ठा करने की कोशिश कर रही भीड़ पर गोलियां चलाते हैं।

### शेखावत ने विजय रूपाणी को श्रद्धांजलि अर्पित की



***राजकोट।*** *केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मंगलवार को गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. विजय रूपाणी के निवास जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शेखावत ने उनके परिजनों और शुभचिंतकों का दु:ख साझा करने का प्रयास किया। सिंह ने कहा कि रूपाणी का राजनीति और समाज में योगदान याद किया जाता रहेगा। उनका संगठन के प्रति समर्पण अतुलनीय था।*

## मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक

# ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने के इंतजाम करें राज्य: शाह

**एजेंसी** | वाराणसी (उप्र)

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने में मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों की खासी अहम भूमिका है। बैठक में गृह मंत्री ने कहा कि क्षेत्रीय परिषद के सभी राज्य बच्चों में कुपोषण दूर करने, ड्रॉप-आउट (स्कूल की पढ़ाई बीच में छोड़ना) अनुपात को शून्य करने और सहकारिता को सुदृढ़ बनाना सुनिश्चित करें।

शाह ने अपने संबोधन में कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद ही एकमात्र ऐसी परिषद है जहां दो सदस्य राज्यों के बीच किसी प्रकार की कोई समस्या या विवाद नहीं है, यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने सदस्य राज्यों की ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने और इसके लिए नियम बनाने को भी कहा। उन्होंने कहा कि पंचायतों की आय बढ़ने से ही भारत की त्रिस्तरीय लोकतांत्रिक पंचायती राज व्यवस्था और अधिक कारगर होगी।

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक बैठक में गृह मंत्री, सभी उपस्थित मुख्यमंत्रियों एवं सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति और भारतीय सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम के अभिनंदन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जिसे परिषद ने ध्वनिमत से अनुमोदित किया।



*गृह मंत्री अमित शाह वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, एमपी के सीएम मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय और अन्य लोगों के साथ।*

### 19 मुद्दों पर हुई चर्चा

मंगलवार को हुई बैठक में राष्ट्रीय महत्व के व्यापक विषयों सहित कुल 19 मुद्दों पर चर्चा हुई। बयान के मुताबिक इनमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ दुष्कर्म के मामलों की त्वरित जांच और इनके शीघ्र निपटारे के लिए त्वरित सुनवाई विशेष अदालतों का कार्यान्वयन, हर गांव के नियत दायरे में 'ब्रिक-एंड-मोर्टार' बैंकिंग सुविधा और आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली का कार्यान्वयन जैसे विभिन्न मुद्दे शामिल रहे।

### चार राज्यों के मुख्यमंत्री व अधिकारी मौजूद थे बैठक में

बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भाग लिया। बैठक में सदस्य राज्यों के वरिष्ठ मंत्री, केन्द्रीय गृह सचिव, अंतर-राज्य परिषद सचिवालय के सचिव, सदस्य राज्यों के मुख्य सचिव और राज्यों तथा केन्द्रीय मंत्रालयों एवं विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

## शाह का समाजवादी नेताओं व द्रमुक पर प्रहार

# इमरजेंसी का दंश झेलने वाले कई नेता कांग्रेस के साथ

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस से हाथ मिलाने वाले द्रमुक, समाजवादी नेताओं और अन्य पर निशाना साधते हुए कहा कि वे एक ऐसी पार्टी के साथ बैठे हैं जिसने आपातकाल लगाकर 'लोकतंत्र की हत्या' की। 'आपातकाल के 50 वर्ष' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी कहा कि 25 जून-जिस दिन आपातकाल लगाया गया था, हर किसी को याद दिलाता है कि कांग्रेस सत्ता के लिए किस हद तक जा सकती है। उन्होंने कहा कि 1975 के आपातकाल को भले ही 50 साल हो गए हों, लेकिन कांग्रेस के अन्याय, अत्याचार और तानाशाही की यादें अभी भी सभी के दिमाग में ताजा हैं। गृह मंत्री ने कहा कि आपातकाल लागू होने के बाद देश भर में 1.1 लाख लोगों - विपक्षी नेताओं, छात्र कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और संपादकों को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने गुजरात और तमिलनाडु में गैर-कांग्रेसी सरकारों को बर्खास्त कर दिया था। दुर्भाग्य से, आपातकाल का दंश झेलने वाले कई लोग अब कांग्रेस पार्टी के साथ जुड़ गए हैं। शाह ने कहा, मैं कांग्रेस के बजाय द्रमुक, समाजवादी और अन्य पार्टियों से पूछना चाहता हूं कि आपको लोकतंत्र के बारे में सवाल पूछने का क्या अधिकार है, जब आपने उस पार्टी से हाथ मिला लिया है।

## सोशल मीडिया पर 83.4 मिलियन व्यूज के साथ रचा नया कीर्तिमान

# एक और उपलब्धि: देश का छठा सबसे लोकप्रिय चैनल बना भारत24

**बेधड़क | जयपुर**

भारत24 'विजन ऑफ न्यू इंडिया' चैनल ने इस सप्ताह सोशल मीडिया पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 83.4 मिलियन व्यूज के साथ देशभर में छठा स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि चैनल की बढ़ती लोकप्रियता के साथ दर्शकों और चैनल के बीच मजबूत संबंध को दर्शाती है। इस उपलब्धि के पीछे चैनल के प्रभावशाली और उच्च गुणवत्ता वाले कंटेंट की अहम भूमिका रही है, जिसने दर्शकों का विश्वास जीता और उन्हें लगातार चैनल से जोड़े रखा। इस गौरवशाली अवसर को और भी यादगार बनाने के लिए मंगलवार को नोएडा स्थित भारत24 के कार्यालय में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इसमें चैनल के पूरे परिवार ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और केक काटकर सफलता का जश्न मनाया। समारोह में चैनल के प्रबंध निदेशक डॉ. जगदीश चंद्र की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने टीम के हर सदस्य को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. चंद्र ने 'जनता की आवाज' शो में शानदार योगदान के लिए एंकर पूजा यादव की विशेष रूप से सराहना की और पूरी टीम को उनकी कार्य के प्रति समर्पण और मेहनत के लिए बधाई दी।


डॉ. जगदीश चंद्र ने 'जनता की आवाज' शो के लिए एंकर पूजा यादव की प्रशंसा की। इस अवसर पर पूजा यादव, पूर्णिमा मिश्रा, शिखा ठाकुर, सैयद उमर, अदिति नागर और अनु श्रीधर भी उपस्थित रहे।


केक कटिंग सेरेमनी को संबोधित करते डॉ. जगदीश चंद्र। साथ में हैं अनु श्रीधर, रंजना रावत, राज वर्मा, अदिति नागर, शान नंदा, शिखा ठाकुर, सैयद उमर, शशिकेश रंजन, आयुष जायसवाल, अंकित कुमार, पूर्णिमा मिश्रा, सपना झा, विवेक भंडारी और पूजा यादव।

### भविष्य में और बेहतर करने की प्रेरणा

डॉ. जगदीश चंद्र ने पूरी टीम की मेहनत, रचनात्मकता और समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह उपलब्धि एक मील का पत्थर है और यह टीम को भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित करेगी। समारोह में भारत24 की टीम के सदस्य अनु श्रीधर, रंजना रावत, राज वर्मा, अदिति नागर, शान नंदा, शिखा ठाकुर, सैयद उमर, शशिकेश रंजन, आयुष जायसवाल, अंकित कुमार, पूर्णिमा मिश्रा, सपना झा और विवेक भंडारी भी उपस्थित रहे।

## MEET & GREET



**जयपुर।** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय सचिव विजया रहाटकर ने फर्स्ट इंडिया परिवार के ऐश्वर्य प्रधान का अपने दिल्ली स्थित कार्यालय में स्वागत किया। मंगलवार को हुई शिष्टाचार भेंट के दौरान दोनों के बीच महिला सशक्तीकरण, मीडिया व राजनीति में महिलाओं की बदलती भूमिका को लेकर चर्चा हुई।

## City इवेंट्स

### आठ दिवसीय 'एजुकेशन एंड एडवेंचर यात्रा' सम्पन्न



**बेधड़क,जयपुर।** सोसायटी फॉर पब्लिक ग्रीवेंस (एसपीजी) इंडिया की ओर से छात्रों और अभिभावकों के लिए थाइलैंड में आठ दिवसीय 'शैक्षणिक एवं साहसिक यात्रा' आयोजित की गई। एसपीजी इंडिया के अध्यक्ष बी. डी. रावत और सचिव डॉ. गोविंद रावत ने बताया कि छात्रों की गर्मी की छुट्टियों को रचनात्मक और ज्ञानवर्धक बनाने के उद्देश्य से यह यात्रा आयोजित की गई थी। महिला विंग की अध्यक्ष गिर्राज देवी ने बताया कि थाईलैंड न केवल एशिया का एक प्रमुख सांस्कृतिक केंद्र है, बल्कि यह अपने अतुलनीय प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक धरोहरों के लिए भी प्रसिद्ध है। हर्षित कट्टा और सीए प्रियंका ने जानकारी दी कि यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने वाट अरुण, द ग्रैंड पैलेस, खाओ याई नेशनल पार्क (यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल), स्पेस एंड टाइम क्यूब, और अत्याधुनिक मेटावर्स स्पेस पार्क जैसे कई प्रमुख स्थलों का भ्रमण किया। संयुक्त सचिव सोनल पटोदिया और डॉ. गुंजन ने बताया कि यह अनुभव विद्यार्थियों के लिए अद्वितीय, अविस्मरणीय और जीवन को समृद्ध करने वाला रहा। यात्रा के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता सान्निध्य, दक्षेश, आरिश, दर्श, त्रिशका और श्रीयान को प्रमाण पत्र दिए गए।



### जेकेके में दो दिवसीय जयपुर नाट्य समारोह कल से

**बेधड़क, जयपुर।** जवाहर कला केंद्र की ओर से 26 व 27 जून को जयपुर नाट्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से दो नाटकों का मंचन होगा। पहले दिन नाटक 'पूस की रात' का मंचन होगा, जिसकी कहानी मुंशी प्रेमचंद ने लिखी है। विकास सैनी निर्देशित नाटक का नाट्य रूपनांतरण ओम प्रकाश सैनी ने किया है। वहीं, 27 जून को नाटक 'जैसा तुम कहो' का मंचन होगा, जिसे जयवर्धन ने लिखा है और निर्देशन केशव गुप्ता का है। दोनों नाटक रंगायन सभागार में शाम 6:30 बजे मंचित होंगे। आयोजकों ने बताया कि दोनों दिन कला प्रेमी पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर निशुल्क प्रवेश ले सकेंगे।

## 'फ्लो स्मार्ट सोच' विषय पर कार्यशाला का आयोजन

# फिक्की फ्लो मेंबर्स ने जानी AI की उपयोगिता

**बेधड़क | जयपुर**

मेंबर्स को जब एआई तकनीक की बारीकियां बताई गईं तो वे रोमांचित हो उठीं। मौका था फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर की ओर से होटल राजपूताना आईटीसी में 'फ्लो स्मार्ट सोचः डीकोड द फ्यूचर, थिंक स्मार्ट' सत्र का। कार्यशाला में फिक्की फ्लो सदस्यों, उद्यमियों, डॉक्टर्स और विभिन्न पेशेवरों ने भाग लिया। उन्होंने जाना कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कैसे हमारे कार्य, रचनात्मकता और जीवन के तरीके को बदल रहा है। सेशन के मुख्य वक्ता डॉ. अजय डाटा (मैनेजिंग डायरेक्टर, डाटा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज) थे। डॉ. डाटा ने रोचक शैली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को सरल शब्दों में समझाया और बताया कि कैसे एआई हमारा व्यक्तिगत सहायक बनकर न केवल उत्पादकता बढ़ा सकता है, बल्कि रचनात्मकता को नई दिशा दे सकता है।


फिक्की फ्लो मेंबर्स को एआई के संबंध में जानकारी देते मुख्य वक्ता डॉ. अजय डाटा।


'फ्लो स्मार्ट सोच: डीकोड द फ्यूचर, थिंक स्मार्ट' सत्र में उपस्थित फिक्की फ्लो मेंबर्स व डॉ. अजय डाटा।

### उपयोगी टूल्स की दी जानकारी

डॉ. डाटा ने स्ट्रक्चर्ड डेटा, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, कंप्यूटर विजन, और जनरेटिव एआई जैसे विषयों को सरल तरीके से समझाया। साथ ही, एआई की दुनिया में लोकप्रिय हो रहे उपयोगी टूल्स चैट जीपीटी, गामा आदि का परिचय दिया। उन्होंने वकील, शेफ या सॉफ्टवेयर इंजीनियर जैसे लोगों के लिए एआई की उपयोगिता के बारे में बताया।

### संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र के साथ समापन

इस अवसर पर डॉ. रिम्मी शेखावत ने कहा कि फिक्की फ्लो जयपुर का उद्देश्य सदस्यों को भविष्य के लिए तैयार करना है। 'फ्लो स्मार्ट सोच' से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को सरलता से सभी के लिए उपलब्ध और उपयोगी बनाने की दिशा में यह कदम उठाया गया है। कार्यक्रम का समापन संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसके बाद हाई-टी और फिक्की फ्लो सदस्यों, विशिष्ट अतिथियों तथा पेशेवरों के बीच नेटवर्किंग सत्र हुआ। इस पहल के माध्यम से फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर ने एक बार फिर नवाचार, जागरूकता और सशक्तीकरण के अपने संकल्प को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया।

## जयपुर मरुगंधा को मिले 21 पुरस्कार





**बेधड़क, जयपुर।** रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3056 की ओर से आयोजित वार्षिक कार्यक्रम 'आभार' में रोटरी क्लब जयपुर मरुगंधा को समाजसेवा, सशक्त नेतृत्व और प्रभावी सहभागिता के लिए कुल 21 पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। क्लब को रूबी क्लब एक्सीलेंस अवार्ड, अशोक स्मृति रूम कूलर अवार्ड, बेस्ट प्रोजेक्ट विद अदर ऑर्गेनाइजेशन और एवन्यूज ऑफ सर्विस जैसे कई प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुए। समारोह में क्लब अध्यक्ष रो. दीपाली अग्रवाल को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए बेस्ट प्रेसिडेंट तथा क्लब सचिव को उनकी कुशल कार्यशैली के लिए बेस्ट सेक्रेटरी के पुरस्कार से नवाजा गया।

## रंगों और रेखाओं में जीवंत होती संस्कृति

# बच्चे सीख रहे लोक कला की बारीकियां

**बेधड़क | जयपुर**

कलानेरी आर्ट गैलरी में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर बच्चों की कला चेतना को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह शिविर लोक कला, रचनात्मक अभिव्यक्ति और सामाजिक जागरूकता के लिए एक प्रेरणादायक मंच बन गया है। यह ग्रीष्म शिविर कला और संस्कृति को संरक्षित और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पिछले दो दशकों से ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान आयोजित किया जाता है। यहां बच्चों को न केवल विभिन्न कला रूपों में प्रशिक्षित किया जाता है, बल्कि उन्हें भारतीय लोक परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों के महत्व से भी अवगत कराया जाता है। गैलरी निदेशक सौम्या विजय शर्मा ने बताया कि कैंप में बच्चों को पारंपरिक लोक कला जैसे कि 'फड़ चित्रकला' की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। यह केवल एक कला प्रशिक्षण नहीं है, बल्कि संस्कृति का एक जीवंत सबक भी है। दो बैच में चलने वाले इस शिविर में बच्चों को वॉटर कलर, ऐक्रिलिक, ऑयल पेंटिंग, पोस्टर पेंटिंग, लाइव स्केचिंग, चारकोल आर्ट, मिक्स्ड मीडिया और कंपोज़िशन जैसी तकनीकों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही बच्चों को पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी जागरूक किया जा रहा है। प्रशिक्षण ले रही अदिति ने बताया कि इस कैंप में लोक कला की बारीकियों को सीखने के बाद इस विधा में आकर्षण और बढ़ गया है। शिविर बच्चों की रचनात्मकता को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।





## विचार-विमर्श | जयपुर इंटेलेक्चुअल ग्रुप के सीजन-3 की तीसरी बैठक

# तकनीक से कलाकारों की कल्पना को मिल रहे नए आयाम

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर इंटेलेक्चुअल ग्रुप के सीजन-3 की तीसरी बैठक 'कल्पना से यथार्थ तकः कला की यात्रा' का आयोजन किया गया। इसमें ग्रुप के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में कला की विविध विधाओं में कल्पनाशक्ति की भूमिका और उसकी यथार्थ में अभिव्यक्ति पर विचार प्रस्तुत किए गए। सत्र का संयोजन सपना महेश ने किया। उन्होंने 'डिजिटल कल्पना' पर विचार साझा करते हुए बताया कि आधुनिक युग में डिजिटल माध्यम कलाकारों की कल्पना को नए आयाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक ने कला को वैश्विक मंच पर पहुंचाया है और रचनात्मक अभिव्यक्ति को पहले से अधिक सशक्त बना दिया है।


जयपुर इंटेलेक्चुअल ग्रुप के सदस्य।

### भोजन बनाना भी एक कला

बैठक में सुधीर गुप्ता ने कहा कि भोजन बनाना भी एक कला है, जिसमें स्वाद, सौंदर्य और कल्पना का अद्भुत संगम होता है। उन्होंने समझाया कि कैसे एक रसोइया अपनी कल्पना से साधारण सामग्री को असाधारण अनुभव में बदल देता है। अशोक राही ने 'नाट्य कला' पर अपने विचार रखते हुए बताया कि रंगमंच वह माध्यम है, जहां कल्पना को जीवंत रूप में मंच पर प्रस्तुत किया जाता है।

### प्रश्नोत्तर सत्र में साझा किए अनुभव

सत्र के समापन पर प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सदस्यों ने अपने विचार और अनुभव साझा किए। बैठक में अल्का बत्रा, रानू श्रीवास्तव, प्रेरणा, तृप्ति पांडे, कमला पोद्दार, सुधीर माथुर, सपना महेश, अशोक राही, मीता सिंह, निर्मला सेवानी, सुधीर कासलीवाल, देवराज सिंह, विद्या जैन, सुधीर गुप्ता, सरिता सिंह, रजुला लूणा, टीना सहानी और शशि माथुर उपस्थित रहे।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

FIRST INDIA

सच बेधड़क
जयपुर, बुधवार, 25 जून, 2025



एक ही लक्ष्य साझा करने से हम नई ऊंचाइयों पर पहुंचते हैं।
**डॉ. जगदीश चंद्र,** सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ



## दूदू के बिचून से शुरू हुआ अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# डेढ़ साल में कर दिखाया कांग्रेस के पांच साल जितना काम: भजनलाल

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल ने मंगलवार को दूदू के बिचून गांव में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के मित्र कहते हैं कि मुख्यमंत्री तो रुकते ही नहीं हैं। मैं रुकने के लिए नहीं, बल्कि मजदूर और किसान भाइयों के कार्यों को पूरा करने के लिए हूं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने केवल सपने दिखाए, गरीबी हटाओ के नारे दिए, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं किया। हमने डेढ़ साल में वो कर दिखाया, जो कांग्रेस पांच साल में नहीं कर सकी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने डेढ़ साल में 12 हजार किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया, जबकि कांग्रेस सरकार मात्र 3400 किलोमीटर ही बना पाई। 1300 से अधिक गांवों को सड़कों से जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नाकामी का आलम यह है कि हम जहां भी हाथ लगाते हैं, वहां पिछली सरकार की लापरवाही सामने आती है।

### अंतिम पंक्ति तक पहुंचेगा विकास का उजियारा



पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े की शुरुआत करते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि यह पखवाड़ा समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को सशक्त करने का एक मंच है। सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे। इस दौरान उन्होंने शिविरों के माध्यम से जनसामान्य को सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में प्रदेश हर क्षेत्र में पिछड़ गया था। अब हमारी सरकार ने इसे बदलने का संकल्प लिया है और राजस्थान को विकास की दौड़ में अव्वल पंक्ति में लाने के लिए काम किया जा रहा है।



सीएम ने बारिश के बीच काफिला रुकवाकर ग्रामीणों के साथ चाय का आनंद लिया।

### इस बार सभी बांध भरेंगे लबालब

मुख्यमंत्री ने मानसून को लेकर आशा जताई कि इस बार सभी बांध लबालब भरेंगे, जिससे किसान को सबसे अधिक फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि डेढ़ साल में 30 लाख मीट्रिक टन गेहूं समर्थन मूल्य पर खरीदा गया, जबकि कांग्रेस सरकार सिर्फ 11 लाख मीट्रिक टन ही खरीद पाई थी। सहकारी बैंकों के माध्यम से 35 हजार करोड़ रुपए का ऋण वितरित किया गया, जो पूर्ववर्ती सरकार के मुकाबले दोगुना है।

### ग्रामीणों के साथ की चाय पर चर्चा

कार्यक्रम के बाद जयपुर लौटते समय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दूदू के मौखमपुरा में बारिश के बीच काफिला रुकवाकर चाय का आनंद लिया और राहगीरों से आत्मीय संवाद किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, जिला प्रमुख रमा चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और आमजन मौजूद रहे।

### 'एक पेड़ मां के नाम' का आह्वान

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत प्रदेश में 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल पर्यावरण संरक्षण ही नहीं, बल्कि मां के प्रति श्रद्धा प्रकट करने का एक अनोखा प्रयास है।

### शिविरों के माध्यम से होंगे जनकल्याणकारी कार्य

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान भूमि विवादों का समाधान, बीपीएल परिवारों का सर्वेक्षण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, नहरों की सफाई, नल कनेक्शन और लीकेज की मरम्मत जैसे काम युद्ध स्तर पर किए जाएंगे। किसानों को मृदा परीक्षण और स्वास्थ्य कार्ड दिए जाएंगे, वहीं पशुपालकों के लिए बीमा और टीकाकरण की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पखवाड़े के पहले ही दिन एक परिवार में 10 साल पुराना भाइयों का झगड़ा सुलझा और खुशियां लौटीं। यह पखवाड़ा केवल सरकारी योजनाओं के लाभ देने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक सद्भाव और भाईचारे को भी मजबूत करने का अभियान है।

## बेधड़क FIRST

### अन्न भंडारण योजना के लिए गोदाम निर्माण और किराया मॉडल तैयार

देश की सबसे बड़ी विकेन्द्रीकृत अन्न भंडारण योजना के तहत गोदाम निर्माण की गति रफ्तार पकड़ने जा रही है। इसके बाद निर्मित हुए गोदामों को मानक संचालन प्रक्रिया के तहत किराए पर दिया जाएगा, जिससे पैक्स की स्थायी आय का मजबूत स्रोत तैयार होगा। साथ ही भंडारण की सुविधा बढ़ने से किसानों को राहत मिलेगी। इसके लिए सरकार ने तय किया है कि गोदाम निर्माण की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी।

### संस्कृति आधारित पर्यटन में बढ़ी लोक कलाकारों की भागीदारी

प्रदेश के हर प्रमुख पर्यटन स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोक कलाएं अनिवार्य रूप से शामिल किए जाने का फैसला लिया गया है और राजस्थान पर्यटन विभाग के इन प्रयासों से पर्यटक स्थानीय सांस्कृतिक गहराई से जुड़ पा रहे हैं। पर्यटन विभाग ने प्रदेश के हैरिटेज होटलों और उत्सवों में लोक कलाकारों की सहभागिता भी बढ़ाई है, जिससे न केवल लोक कलाकारों को आजीविका मिल रही है, बल्कि परंपराओं को संरक्षण भी मिल रहा है। ऐसे में राजस्थान का पर्यटन अब केवल महलों तक सीमित न रह कर यह गांवों की चौपालों तक पहुंच गया है।

### जोधपुर पुलिस की सफलता बनी चर्चा का विषय, जीएसटी विभाग पर उठे सवाल

जोधपुर में 524 करोड़ रुपए के जीएसटी घोटाले का खुलासा करने वाली पुलिस कार्रवाई को लेकर जयपुर के जीएसटी विभाग में तीखी चर्चाएं हो रही हैं। चर्चा का केंद्र यह है कि जब राज्य के वाणिज्यिक कर विभाग (SGST) और केंद्रीय वस्तु व सेवा कर विभाग (CGST) में एंटी-इवेजन व एनफोर्समेंट शाखाएं मौजूद हैं, तो फिर यह बड़ा फर्जीवाड़ा विभाग ने क्यों नहीं पकड़ा? जोधपुर पुलिस ने इस मामले में 240 फर्जी फर्मों के माध्यम से घोटाले को उजागर किया, जबकि पुलिस के पास जीएसटी नेटवर्क पोर्टल तक पहुंच नहीं है। वहीं, जीएसटी विभाग के अधिकारी इस पोर्टल का विश्लेषण करने में विशेषज्ञ होते हैं। इसके बावजूद इतनी बड़ी धोखाधड़ी का खुलासा विभाग की बजाय पुलिस द्वारा किया जाना, जीएसटी तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

### जिस सांप ने काटा, उसी के साथ अस्पताल पहुंचा युवक

राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (RUHS) अस्पताल में एक अजीबोगरीब वाकया सामने आया, जब एक युवक सांप के काटने के बाद उसी सांप को बैग में डालकर अस्पताल ले आया। जैसे ही उसने इमरजेंसी के बाहर सांप को बैग से बाहर निकाला, अस्पताल में अफरा-तफरी और कौतूहल का माहौल बन गया। हालांकि यह घटना 4-5 दिन पुरानी बताई जा रही है, लेकिन इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. महेश मंगल ने पुष्टि की कि युवक को भर्ती किया गया था और स्टाफ के अनुसार वह सांप को भी अपने साथ लाया था, जिसे परिजन बाद में अस्पताल परिसर से बाहर ले गए थे।

## मुंबई में प्राक्कलन समितियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में छह प्रस्ताव पारित

# बजट की निगरानी में एआई और डेटा एनालिटिक्स का करें उपयोग: बिरला



मुंबई में राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला।

**बेधड़क** | मुंबई

संसद और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की प्राक्कलन समितियों के राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए संस्थागत समन्वय, वित्तीय जवाबदेही और प्रौद्योगिकी आधारित शासन के महत्व पर जोर दिया। मुंबई स्थित महाराष्ट्र विधान भवन में दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन संसद की प्राक्कलन समिति की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया गया। समापन समारोह में बिरला ने कहा कि प्राक्कलन समितियां केवल सरकार की निगरानी करने के लिए नहीं हैं, बल्कि उन्हें सहयोग और सुधार के साधन के रूप में रचनात्मक भूमिका निभानी चाहिए।

बिरला ने समितियों को आधुनिक तकनीकी उपकरणों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स का उपयोग करने का सुझाव देते हुए कहा कि इससे सार्वजनिक व्यय की निगरानी अधिक सटीक और प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि समितियों को आवश्यक संसाधनों और डिजिटल क्षमताओं से लैस करना समय की मांग है, ताकि वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित हो और सुशासन को मजबूती मिले। लोकसभा अध्यक्ष ने दो टूक कहा कि प्राक्कलन समितियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जनता का एक-एक रुपया जनकल्याण के लिए खर्च हो। उन्होंने कहा कि व्यय की निगरानी केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि यह देखा जाए कि कल्याणकारी योजनाएं आम लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंच रही हैं या नहीं। बिरला ने संसद तथा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की प्राक्कलन समितियों के बीच समन्वय बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।


## IPS ट्रांसफर लिस्ट का काउंट डाउन शुरू

**जयपुर।** 62 आईएएस अधिकारियों की बड़ी तबादला सूची जारी होने के बाद अब आईपीएस अधिकारियों की तबादला सूची का काउंट डाउन शुरू हो गया है। बताया जा रहा है कि इसी माह के अंत तक आईपीएस के साथ-साथ आईएफएस और आरएएस अधिकारियों की तबादला सूची भी जारी हो सकती है। भजनलाल सरकार नौकरशाही में बड़े बदलाव की कवायद में जुटी हुई है। तबादला सूची को लेकर उच्च स्तर पर मंथन चल रहा है।

आईपीएस अफसरों की तबादला सूची के जरिए डीजी, एडीजी, आईजी रेंज, आईजी, डीआईजी और कई जिलों के एसपी व जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में बदलाव देखने को मिल सकते हैं। पुलिस महकमे में बड़े फेरबदल की तैयारी जोरों पर है। 30 जून को रवि प्रकाश मेहरड़ा के रिटायरमेंट के बाद डीजी पुलिस के दो पद खाली हो जाएंगे। इसी कारण 29 जून या उससे पहले आईपीएस अधिकारियों की नई ट्रांसफर लिस्ट जारी होने की पूरी संभावना जताई जा रही है।

## विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया

# बर्लिन मेयर कार्यालय और स्टेट असेंबली का अवलोकन



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को जर्मनी प्रवास के दौरान बर्लिन के शासक महापौर (रेजीरेंडर बर्गरमाइस्टर) के कार्यालय और स्टेट असेंबली भवन का अध्ययनात्मक अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बर्लिन की कार्यप्रणाली, डिजिटल गवर्नेंस और लोकतांत्रिक संरचना को नजदीक से समझा। बर्लिन मेयर ने विधानसभा भवन को प्रशासनिक शक्ति और आधुनिक लोकतंत्र की कार्यकुशलता का प्रतीक बताया। देवनानी ने इस अवसर पर बर्लिन सीनेट के जनहित नीतियों के क्रियान्वयन मॉडल की सराहना करते हुए उसे 'संगठित लोकतंत्र की उत्कृष्ट अभिव्यक्ति' कहा। उन्होंने कहा कि तकनीक, पारदर्शिता और नागरिक सहभागिता के साथ बर्लिन का प्रशासनिक मॉडल भविष्य उन्मुख शहरों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण है। उन्होंने इसे राजस्थान विधानसभा के लिए भी अत्यंत प्रेरणादायक अनुभव बताया। देवनानी ने इसे 'एक विचारशील लोकतंत्र से दूसरे विचारशील लोकतंत्र की यात्रा' करार देते हुए अनुभव, संवाद और प्रेरणा का संगम बताया। इस अवसर पर राजस्थान विधानसभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा भी उपस्थित रहे।

### बागडे-फडणवीस की मुलाकात



*बेधड़क, जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को मुंबई में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर संवाद हुआ।*

## कई चर्चित विभागों में नहीं हुए बदलाव

# आईएएस की जंबो तबादला सूची में कुछ फैसले रहे चौंकाने वाले

**राजेंद्र छाबड़ा** | बेधड़क

**जयपुर।** आईएएस की रविवार को जारी हुई 62 नामों की जंबो तबादला सूची में कुछ चौंकाने वाले और उल्लेखनीय फैसले भी देखने को मिले हैं। कुछ संभावित व चर्चित बदलाव नहीं हुए हैं, जबकि कई पदों को अभी भी खाली छोड़ दिया गया है। आलोक गुप्ता को सीएमओ से निकालकर उद्योग की कम महत्व की कमान सौंपे जाना चर्चा का विषय है। यदि उन्हें सीएमओ से चेंज ही करना था, तो बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए थी।



आलोक गुप्ता



देबाशीष पृष्टी



रविकुमार सुरपुर



राजेश यादव

हालांकि नई पोस्ट पर 'राइजिंग राजस्थान' की चमक जुड़ी हुई है, लेकिन राह कठिन और चुनौतीपूर्ण है। यहां आलोक गुप्ता को अपनी परफोर्मेंस दिखानी होगी। राजेश यादव को भी एलएसजी से बदलकर पर्यटन में लगाना उनके कद को घटाने वाला है। दरअसल, दिल्ली से लौटने के बाद राजेश को इस सरकार में तरजीह मिली ही नहीं। जबकि पर्यटन से रवि जैन को एलएसजी में लाया जाना रवि के लिए फेवरेबल है। बताया जाता है ट्यूरिज्म में रवि कंफर्टेबल नहीं थे। यूडीएच की कमान देबाशीष पृष्टी को सौंपना चौंकाने वाला फैसला है। 5 साल देश से बाहर डेपुटेशन पर रहने के बाद जब वे अप्रैल 2024 में राजस्थान लौटे थे, तो डीओपी ने उन्हें 35 दिन तक एपीओ रखा था।

2000 बैच के आईएएस देबाशीष का केंद्र में एडिशनल सेक्रेट्री के लिए इनपैनलमेंट नहीं हो पाया है। अब सरकार ने बावजूद इस बैकग्राउंड के उन्हें ऊंचा जंप दिया है। रवि सुरपुर को प्रदूषण नियंत्रण मंडल का चेयरमैन बनाया जाने वाला फैसला उतना ही चौंकाने वाला है, जितना बजट की तैयारी के दौरान अचानक वित्त सचिव से हटाकर उन्हें फरवरी में बीकानेर रवाना करने का फैसला था। रवि के लिए यह राहत की बात है कि पुरानी नाराजगी को खत्म करते हुए सरकार ने अब बड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। सुबीर कुमार और भवानी देथा के विभाग आपस में इंटर-चेंज किए जाने का कारण व औचित्य समझ से परे है। अभी तक खाद्य एवं आपूर्ति सुबीर कुमार के पास था, यह भवानी देथा को दिया गया है। जबकि भवानी देथा का आयुर्वेद विभाग सुबीर कुमार को सौंपा गया है। सुबीर कुमार का इस सरकार में तीसरा और भवानी देथा का पांचवां तबादला है। आरुषी मलिक को चेयरमैन राजसीको से सीएमडी भंडारण निगम बनाकर उनका कद बढ़ाया गया है। आरुषी का इस सरकार में यह चौथा ट्रांसफर है। नेहा गिरी का मेडिकल सर्विसेज निगम से चेंज तय था, क्योंकि मेडिकल डिपार्टमेंट के मंत्री व प्रिंसिपल सेक्रेट्री दोनों से उनका टकराव हो रहा था। विभाग के कुछ अधिकारी भी उनके खिलाफ लामबंद हो रहे थे। पिछली कांग्रेस सरकार और इस सरकार में भी महत्वपूर्ण पद एंज्वॉय कर रहे नथमल डिडेल को अब हाशिये पर धकेल दिया गया है। हालांकि विद्युत भवन में आलोक के साथ आरवीपीएनएल में उन्होंने अच्छी परफोर्मेंस दिखाई थी।

प्रशासनिक जानकार आश्चर्यचकित हैं कि जो हनुमान मल ढाका और रामावतार मीणा खुद जांच के घेरे में हैं, उन्हें विभागीय जांच का कमिश्नर बनाया गया है। दोनों के लिए पनिशनमेंट की यह पोस्टिंग तर्क सम्मत नहीं है। लिस्ट से पहले चर्चाएं और अटकलें लगाई जा रही थीं कि पीडब्ल्यूडी, रेवेन्यू, मेडिकल, एजुकेशन और माइंस में भी बदलाव हो सकता है, लेकिन इन विभागों को नहीं छेड़ा गया है। इनके मुखिया यथावत कार्य करते रहेंगे। जंबो लिस्ट के बावजूद ओटीएस, सीसीटी, आरएसएमएम, पंचायती राज, प्लान और डीआईपीआर आदि में मुखिया की पोस्ट खाली छोड़ दी गई है। कई कलेक्टरों के खिलाफ शिकायतें हैं, लेकिन उन्हें इस लिस्ट में नहीं हटाया गया है। कनिष्क कटारिया को कलेक्टर नहीं बनाकर आयुक्त, भरतपुर विकास प्राधिकरण भरतपुर की छोटी पोस्ट पर लगाया गया है।

### अखिल अरोड़ा ने बनाया रिकॉर्ड



अखिल अरोड़ा

4 साल 8 महीने की रिकॉर्ड और यादगार पारी खेलने के बाद एसीएस अखिल अरोड़ा वित्त विभाग से विदा हो गए हैं। दो-दो सरकारों में लगातार वित्त की कमान संभालते हुए 5 बजट पेश करने का अखिल अरोड़ा ने रिकॉर्ड बनाया है। अखिल अरोड़ा वित्त विभाग में सबसे लंबे और व्यापक अनुभव वाले एकमात्र नौकरशाह हैं। उनकी मेहनत, योग्यता, क्षमता और चुनौतियों से निपटने की असाधारण क्षमता ने उन्हें सीएम भजनलाल शर्मा के अधीन भी एक विश्वसनीय अधिकारी बना दिया है। वित्तीय प्रबंधन में महारथ रखने वाले अखिल अरोड़ा ने पिछली सरकार से विरासत में मिले खाली खजाने के बावजूद नई भजन लाल सरकार को वित्तीय संकट में नहीं आने दिया। अब जब वे वित्त की कमान छोड़ कर जा रहे हैं, तो राज्य के वित्तीय हालात काफी बेहतर हैं। दिसंबर 2024 में जैसलमेर में हुई जीएसटी काउंसिल में अखिल अरोड़ा के प्रबंधन की सराहना केंद्र सरकार ने पत्र लिखकर की थी। नए वित्त सचिव के सामने मुख्य 'टास्क' अखिल अरोड़ा के परिणामोन्मुखी और शानदार प्रदर्शन से मैच करना होगा, जिन्हें अब राज्य की जल आवश्यकताओं की सार-संभाल करने की एक और जिम्मेदारी सौंपी गई है। अपने करीब पांच साल के कार्यकाल के दौरान, अरोड़ा को कांग्रेस और भाजपा के मुख्यमंत्रियों का समान विश्वास और भरोसा हासिल करने का श्रेय है। अपनी लो प्रोफाइल जीवनशैली और मीडिया से दूर रहने वाली छवि के साथ, अरोड़ा को अपने कॅरिअर में लंबी पारी खेलनी है।

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक:** डॉ. जगदीश चंद्र, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल:** sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।